■ आश्विन शुक्ल - 12 ■ संवत 2081 ■ वर्ष - 20 ■ अंक - 82 ■ पृष्ठ - 8 ■ रु. 5/- बेंगलूरु » मंगलवार » 15-10-2024 ■ www.dakshinbharat.com ■ Email : news@dakshinbharat.com

# दक्षिण भारत राष्ट्रमत


ದಕ್ಷಿಣ ಭಾರತ ರಾಷ್ಟ್ರಮತ | ಹಿಂದಿ ದಿನ ಪತ್ರಿಕೆ | बेंगलूरु और चेन्नई से एक साथ प्रकाशित



5 कांग्रेस झूठ की राजनीति करती है, लोग उसके धोखे से हैं परिचित : नायब सिंह सैनी

6 कब भुखमरी एवं भूखे लोगों की दुनिया से निजात मिलेगी?

7 'भूल भुलैया 3' और 'सिंघम 3' दोनों फिल्में करेंगी अच्छा प्रदर्शन : कार्तिक



## फर्स्ट टेक

### उमर अब्दुल्ला आज लेंगे जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री पद की शपथ

**श्रीनगर/एजेन्सी।** नेशनल कॉन्फ्रेंस के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला बुधवार को केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे। उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने अब्दुल्ला को सरकार बनाने और नेतृत्व करने के लिए आमंत्रित किया है। उपराज्यपाल की ओर से अब्दुल्ला को लिखे पत्र में कहा गया है कि शपथ ग्रहण समारोह 16 अक्टूबर को सुबह 11.30 बजे शेर-ए-कश्मीर इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर (एसकेआईसीसी) में होगा। पत्र में कहा गया है, जैसा कि अलग से तय किया गया है, मैं आपको और आपके मंत्रिपरिषद के सदस्यों के रूप में शामिल होने के लिए आपके द्वारा अनुशंसित लोगों को 16 अक्टूबर 2024 को सुबह 11.30 बजे एसकेआईसीसी, श्रीनगर में पद और गोपनीयता की शपथ दिलाऊंगा।

### सर्दियां शुरू होने से पहले ही दक्षिणी यूक्रेन गांव पर कब्जा कर लिया : रूस

**कीव/एपी।** रूस ने सोमवार को कहा कि उसने दक्षिणी यूक्रेन के लेवाड्ने गांव पर कब्जा कर लिया है। रूस करीब 1000 किलोमीटर लंबी अग्रिम पंक्ति में अपनी कमजोरियों को दूर करने की कोशिश कर रहा है। इनमें वे पूर्वी इलाके भी शामिल हैं जिन पर रूस सर्दियां शुरू होने से पहले कब्जा करने की कोशिश में जुटा है। इस बीच यूक्रेन के अधिकारियों ने सूचित किया कि करीब छह सप्ताह से रूस ने देश पर रात के वक्त 'शाहीद' ड्रोन हमले नहीं किये, जो युद्ध शुरू होने के बाद से पहली बार हुआ है। यूक्रेन ने पहले कहा था कि उसने रूस के क्रासनोडार क्षेत्र में एक ऐसे ठिकाने को निशाना बनाया था, जहां करीब 400 ड्रोन को कथित रूप से रखा गया था।

### मुंबई से उड़ान भरने वाली तीन अंतरराष्ट्रीय उड़ानों को बम से उड़ाने की धमकी मिली

**मुंबई/भाषा।** मुंबई से उड़ान भरने वाली वाली तीन अंतरराष्ट्रीय उड़ानों में सोमवार को बम की धमकी मिलने के बाद सुरक्षा एजेंसियों में खलबली मच गई, जबकि न्यूयॉर्क जाने वाली एअर इंडिया की एक उड़ान का मार्ग परिवर्तित कर उसे दिल्ली में उतार दिया गया। अधिकारियों के अनुसार, एअर इंडिया की उड़ान के अलावा इंडिगो की मस्कट और जेद्दा जाने वाली दो उड़ानों को भी बम से उड़ाने की धमकी मिली थी। इंडिगो के विमानों को उड़ान भरने से पहले ही धमकियां मिल गईं और संबंधित विमानों को सोमवार सुबह सुरक्षा जांच के लिए अलग स्थान पर ले जाया गया।

15-10-2024 सूर्यास्त 6:00 बजे | 16-10-2024 सूर्योदय 6:10 बजे

| BSE | NSE |
|---|---|
| 81,973.05 | 25,127.95 |
| (+591.69) | (+163.70) |

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 7,953 रु. | 92,585 रु. |
| (24 कैरेट) प्रति ग्राम | प्रति किलो |

# नशामुक्त भारत के निर्माण के प्रति कटिबद्ध है सरकार : शाह

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/एजेन्सी।** केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि सरकार युवा पीढ़ी को ड्रग्स के खतरे से सुरक्षित कर नशामुक्त भारत के निर्माण के प्रति कटिबद्ध है। शाह ने सोमवार को सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि ड्रग्स और नार्को व्यापार के खिलाफ अभियान बिना किसी ढिलाई के जारी रहेगा। उन्होंने दिल्ली पुलिस को कई अभियान के तहत 13 हज़ार करोड़ रूपए मूल्य की ड्रग्स की ज़ब्ती, जिसमें गुजरात पुलिस के साथ मिलकर 5 हज़ार करोड़ रूपए की कोकीन की बरामदगी शामिल है, के लिए बधाई दी।

ड्रग्स के व्यापार पर हालिया सख्ती के तहत दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल और गुजरात पुलिस ने 13 अक्टूबर को गुजरात के अंकलेश्वर में एक कंपनी में छापेमारी कर 518 किलोग्राम कोकेन बरामद की। अंतरराष्ट्रीय बाजार में इसकी कीमत करीब 5,000 करोड़ रुपये है।

इससे पहले एक अक्टूबर को दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने महिपालपुर में एक गोदाम पर छापेमारी करके 562 किलोग्राम कोकीन और 40 किलोग्राम हाइड्रोपोनिक मारिजुआना की खेप जब्त की थी। जांच के दौरान 10 अक्टूबर को दिल्ली के रमेश नगर की एक दुकान से लगभग 208 किलो अतिरिक्त कोकेन बरामद हुई। पूछताछ के दौरान ये पता चला कि बरामद मादक पदार्थ गुजरात के अंकलेश्वर से आया था।

## महाराष्ट्र में अमित शाह का फर्जी वीडियो दिखाने के मामले में कांग्रेस नेता पर मुकदमा दर्ज

**मुंबई/भाषा।** कांग्रेस की महाराष्ट्र इकाई के नेता अतुल लोंधे पर सोमवार को एक टेलीविजन समाचार चैनल पर बहस के दौरान केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का एक छेड़छाड़ किया हुआ वीडियो कथित तौर पर दिखाने के लिए मामला दर्ज किया गया। मुंबई पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। दिल्ली पुलिस की जांच में उस समय पाया गया था कि इस वीडियो से छेड़छाड़ की गई थी। तेलंगाना में एक चुनावी रैली में मुसलमानों के लिए आरक्षण को समाप्त करने के बारे में शाह की टिप्पणियों को इस तरह से संपादित किया गया था ताकि ऐसा लगे कि वह अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति सहित सभी प्रकार के आरक्षण को समाप्त करने की वकालत कर रहे थे।

# भारत ने कनाडा से अपने उच्चायुक्त और अन्य अधिकारियों को वापस बुलाया

- सिख अलगाववादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या की जांच से राजनयिकों को जोड़ने के कनाडा के आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए भारत ने यह कार्रवाई की है।
- भारत के खिलाफ उग्रवाद, हिंसा और अलगाववाद को ट्रूडो सरकार के समर्थन के जवाब में भारत आगे कदम उठाने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** भारत ने सोमवार को कनाडा से अपने उच्चायुक्त और ''निशाना बनाए जा रहे'' अन्य राजनयिकों एवं अधिकारियों को वापस बुलाने की घोषणा की। सिख अलगाववादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या की जांच से राजनयिकों को जोड़ने के कनाडा के आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए भारत ने यह कार्रवाई की है। विदेश मंत्रालय ने कनाडा के प्रभारी राजदूत स्टीवर्ट व्हीलर्स को तलब करने के कुछ ही देर बाद फैसले की घोषणा की। व्हीलर्स को स्पष्ट रूप से संदेश दिया गया कि भारतीय उच्चायुक्त संजय वर्मा और अन्य राजनयिकों एवं अधिकारियों को निराधार तरीके से निशाना बनाना पूरी तरह अस्वीकार्य है।

भारत ने भारतीय उच्चायुक्त वर्मा के खिलाफ आरोपों को ''मनगढ़ंत'' और ''बेतुका'' बताते हुए इन्हें ट्रूडो सरकार के राजनीतिक एजेंडे से जुड़ा बताया, जो वोट बैंक की राजनीति पर केंद्रित है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि भारत को कल कनाडा से एक ''राजनयिक संदेश मिला, जिसमें कहा गया था कि भारतीय उच्चायुक्त और अन्य राजनयिक उस देश में एक मामले के सिलसिले में चल रही जांच की 'निगरानी' में हैं''।

विदेश मंत्रालय के सचिव (पूर्व) जयदीप मजूमदार ने कनाडा के प्रभारी राजदूत को तलब किया और उनसे कहा गया कि हिंसा और उग्रवाद के माहौल में ट्रूडो सरकार की कार्रवाइयों ने भारतीय राजनयिकों और अन्य अधिकारियों की सुरक्षा को खतरे में डाल दिया है। विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा, ''हमें उनकी सुरक्षा की मौजूदा कनाडा सरकार की प्रतिबद्धता पर कोई भरोसा नहीं है। इसलिए, भारत सरकार ने उच्चायुक्त और निशाना बनाए जा रहे अन्य राजनयिकों एवं अधिकारियों को वापस बुलाने का फैसला किया है।''

विदेश मंत्रालय ने कहा, ''यह भी सूचित किया गया है कि भारत के खिलाफ उग्रवाद, हिंसा और अलगाववाद को ट्रूडो सरकार के समर्थन के जवाब में भारत आगे कदम उठाने का अधिकार सुरक्षित रखता है।''

## कनाडा के छह राजनयिकों को भारत ने निष्कासित किया

**नई दिल्ली/भाषा।** भारतीय उच्चायुक्त और कुछ अन्य अधिकारियों को कनाडा से वापस बुलाने के कुछ घंटे बाद भारत ने सोमवार को कनाडा के छह राजनयिकों को निष्कासित करने की घोषणा की। विदेश मंत्रालय ने कहा कि कनाडा के राजनयिकों को 19 अक्टूबर को रात 11:59 बजे तक या उससे पहले भारत छोड़ने के लिए कहा गया है। जिन राजनयिकों को निष्कासित किया गया है, उनमें कार्यवाहक उच्चायुक्त स्टीवर्ट रॉस व्हीलर, उप उच्चायुक्त पैट्रिक हेबर्ट, प्रथम सचिव मैरी कैथरीन जोली, और प्रथम सचिव लैन रॉस डेविड ट्राइट्स शामिल हैं। अन्य दो राजनयिक प्रथम सचिव एडम जेम्स चूइप्का और प्रथम सचिव पाउला ओरजुएला हैं।

## बाबा सिद्दीकी की हत्या की साजिश पुणे में रची गई, 'शूटरों' को दी गई थी उनकी तस्वीर



**मुंबई/भाषा।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के नेता और महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री बाबा सिद्दीकी की हत्या की साजिश पुणे में रची गई थी और हमलावरों (शूटर) को लक्ष्य की पहचान के लिए एक तस्वीर और एक 'फ्लेक्स बैनर' मुहैया कराया गया था। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। मुंबई पुलिस की अपराध शाखा ने 66 वर्षीय नेता की शनिवार रात हुई हत्या की जांच के दौरान साजिश में पुणे के प्रवीण लोणकर और उसके भाई शुभम लोणकर की कथित भूमिका का खुलासा किया। एक पुलिस अधिकारी ने कहा, ''वांछित आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद हत्या के पीछे का मकसद पता चल सकेगा।''

पुलिस ने लोणकर बंधुओं को इस अपराध में मुख्य आरोपी के रूप में पहचान की है। कथित तौर पर दोनों ने शूटरों को वित्तीय मदद दी, साजोसामान देने के साथ-साथ हमले के लिए बैठक करने की व्यवस्था की। प्रवीण, शुभम के स्वामित्व वाली एक डेयरी में काम करता था। डेयरी में ही उन्होंने शूटर शिवकुमार गौतम और धर्मराज कश्यप की भर्ती की। अधिकारियों ने बताया कि साजिश को कई बैठकों के बाद अंतिम रूप दिया गया। उन्होंने कहा कि योजना के सफल क्रियान्वयन पर भारी भरकम भुगतान का वादा किया गया और शूटरों को 50,000 रुपये की अग्रिम राशि दी गई थी।

## लारेंस बिश्नोई के गिरोह को 24 घंटे में खत्म कर सकता हूं : पप्पू यादव

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**पटना/भाषा।** बिहार से लोकसभा सदस्य पप्पू यादव ने कहा है कि वह लॉरेंस बिश्नोई के गिरोह को '24 घंटे के भीतर खत्म कर सकते हैं'। महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री बाबा सिद्दीकी की हत्या के पीछे बिश्नोई के होने का संदेह है।

पूर्णिया के सांसद ने रविवार को सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में यह बात कही। उन्होंने गोपालगंज में जन्मे सिद्दीकी को बिहार का बेटा कहा और महाराष्ट्र की राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार पर निशाना साधा।

यादव ने कहा, यह देश है या हिजड़ों की फौज। एक अपराधी जेल में बैठ चुनौती दे लोगों को मार रहा है, सब मूकदर्शक बने हैं। उन्होंने कहा, कभी मूसेवाला, कभी करणी सेना के मुखिया, अब एक उद्योगपति राजनेता को मरवा डाला। यादव ने कहा, कानून अनुमति दे तो 24 घंटे में इस लारेंस बिश्नोई जैसे दो टके के अपराधी के पूरे नेटवर्क को खत्म कर दूंगा। उन्होंने कहा, महाराष्ट्र में महाजंगलराज वाई सिक्योरिटी सुरक्षा में सरकार समर्थक पूर्व मंत्री बाबा सिद्दीकी जी की हत्या इसका शर्मनाक प्रमाण! बिहार के बेटे बाबा सिद्दीकी की हत्या अत्यंत दुःखद है, भाजपा गठबंधन सरकार अपने दल के इतने रसूख वाले नेताओं की रक्षा न कर पा रही है तो आमलोगों का क्या होगा?

## बीएसएनएल जून 2025 तक 5जी नेटवर्क पर चली जाएगी : सिंधिया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** सरकारी दूरसंचार कंपनी बीएसएनएल अगले साल मई तक एक लाख बेस स्टेशनों के जरिए देश में विकसित 4जी तकनीक को लागू करने का काम पूरा कर लेगी।

केंद्रीय दूरसंचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने सोमवार को यह जानकारी देते हुए कहा कि कंपनी इसके बाद जून 2025 तक 5जी नेटवर्क पर चली जाएगी। उन्होंने अमेरिका-भारत रणनीतिक साझेदारी मंच में कहा कि भारत 4जी में दुनिया के नक्शेकदम पर चला, 5जी में दुनिया के साथ चल रहा है और 6जी तकनीक में दुनिया का नेतृत्व करेगा।

मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस बात को लेकर बिल्कुल स्पष्ट हैं कि सरकारी कंपनी किसी और के उपकरण का इस्तेमाल नहीं करेगी।

सिंधिया ने कहा, ''अब हमारे पास एक प्रमुख और एक रेडियो एक्सेस नेटवर्क है, जो पूरी तरह से काम कर रहा है। हमारे पास अगले साल अप्रैल-मई तक एक लाख साइट की योजना है।

## बाबा सिद्दीकी हत्या मामले में पुलिस तीसरे हमलावर की कर रही तलाश

**मुंबई/भाषा।** पुलिस ने राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के नेता बाबा सिद्दीकी की हत्या के मामले में वांछित तीसरे हमलावर की तलाश में मध्यप्रदेश के उज्जैन और खंडवा में पूजा स्थलों पर ध्यान केंद्रित कर रही है। महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री सिद्दीकी पर छह राउंड गोलियां चलाई गईं, जिनमें से दो गोलियां उनकी छाती पर लगीं। यह घटना शनिवार रात 9:15 से 9:30 बजे के बीच निर्मल नगर में बाबा सिद्दीकी के विधायक बेटे जीशान सिद्दीकी के कार्यालय के बाहर हुई। खंडवा पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि मुंबई पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए हमलावरों ने पूछताछ में बताया है कि वे कुछ धार्मिक स्थलों पर गए थे। उन्होंने कहा कि इस बात की संभावना है कि फरार होने के दौरान आरोपी फिर से इन स्थानों पर जा सकते हैं।

## अफ्रीका से लाए गए चीतों को जल्द ही जंगल में छोड़ा जाएगा

**नई दिल्ली/भाषा।** दुनिया में पहली बार एक महाद्वीप से ला कर दूसरे महाद्वीप में चीतों को बसाने की परियोजना के तहत अफ्रीका से भारत लाए गए चीतों को अक्टूबर के आखिर में चरणबद्ध तरीके से मध्यप्रदेश के कूनो राष्ट्रीय उद्यान के जंगलों में छोड़ने की शुरुआत की जाएगी। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि अग्नि-वायु नाम के चीतों को सबसे पहले पालपुर पूर्वी रेंज में छोड़ा जाएगा जबकि प्रभास-पावक को जंगल के दूसरे हिस्से में छोड़ा जाएगा। उन्होंने रेखांकित किया कि केवल नर चीतों को छोड़ने की स्थिति में बाड़े के पास भीड़ होगी और उनमें संघर्ष हो सकता है।

## आंध्र प्रदेश में मंदिर समितियों में केवल हिंदूओं को ही नियुक्त किया जाए : विहिप

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** विश्व हिंदू परिषद (विहिप) ने सोमवार को कहा कि आंध्र प्रदेश में मंदिर समितियों में केवल 'हिंदू धर्म का पालन करने वाले' लोगों को ही नियुक्त किया जाना चाहिए और इन समितियों में कोई राजनीतिक प्रतिनिधित्व नहीं होना चाहिए।

विहिप ने यह भी मांग की कि इन मंदिरों में केवल 'हिंदुओं' को कर्मचारियों के रूप में नियुक्त किया जाए और मंदिर के कर्मचारियों के रूप में नियुक्त 'गैर-हिंदुओं' को तुरंत उनके कर्तव्यों से मुक्त कर दिया जाए।

विहिप ने एक बयान में कहा, ''नेता अपने चुनाव प्रचार के दौरान न सिर्फ यह कहते हैं कि वे धर्मनिरपेक्ष हैं और सभी धर्मों को समान मानते हैं बल्कि विभिन्न धार्मिक स्थलों में प्रार्थना कार्यक्रमों में भी भाग लेते हैं।''

इसमें कहा गया है, ''इस मामले में अगर मंदिर समितियों में राजनीतिक व्यक्ति है तो संभावना है कि वे हिंदुओं के कल्याण के बजाय अपनी धर्मनिरपेक्ष भावनाओं को प्राथमिकता देंगे।'' उन्होंने कहा, ''हिंदू मंदिर धर्मनिरपेक्ष केंद्र नहीं हैं। वे आध्यात्मिक हिंदू धार्मिक केंद्र हैं और उनकी समितियों में केवल हिंदुओं को होना चाहिए।''

विहिप ने कहा कि मंदिर समितियों में धार्मिक संगठनों, हिन्दू, अध्यात्मवादियों और 'धर्माचार्यों' के प्रतिनिधि होने चाहिए। उसने मांग की कि दक्षिणी राज्य की सरकार उचित संशोधनों के साथ तत्काल आदेश जारी करे।

विहिप कहा, ''विश्व हिंदू परिषद मांग कर रही है कि मंदिर समितियों में कोई राजनीतिक व्यक्ति नहीं होना चाहिए। मंदिर समितियों में केवल हिंदू धर्म का पालन करने वाले को ही नियुक्त किया जाना चाहिए।''

विहिप ने यह भी कहा कि केवल 'अभ्यास करने वाले हिंदुओं' को ही मंदिरों में कर्मचारियों के रूप में नियुक्त किया जाना चाहिए।

मिशन मंडेला
दक्षिण भारत राष्ट्रमत
दक्षिण भारत का लोकप्रिय हिन्दी दैनिक
epaper.dakshinbharat.com



कैलाश मण्डेला, मो. 9828233434

### दल-सार

राजनीति में सब दल का,
लगभग समान होता चरित्र।
सत्ता लोभी कुर्सी जुगाड़,
अवसरवादी हैं सभी मित्र।
नायक हैं जिनके दूध धुले,
जनहितकारी सच्चे पवित्र।
सबकी आदर्श संहिताएं,
जिनमें होते हैं कई छिद्र।।

# हिजबुल्ला के गढ़ से दूर उत्तर लेबनान में इजराइल के हमले में कम से कम 18 की मौत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**दीर अल-बला/एपी।** उत्तर लेबनान में सोमवार को हुए एक इजराइली हवाई हमले में कम से कम 18 लोग मारे गए हैं। लेबनान के रेड क्रॉस ने यह जानकारी दी।

यह हमला सोमवार को ऐतो गांव में एक छोटे से अपार्टमेंट पर किया गया जो देश के दक्षिण और पूर्व में हिजबुल्ला चरमपंथी समूह के प्रभुत्व वाले इलाकों से दूर है।

इजराइल की सेना की ओर से तत्काल कोई टिप्पणी नहीं आई और यह स्पष्ट नहीं हो सका कि हमले में किसे निशाना बनाया गया।

इससे कुछ घंटे पहले गाजा पट्टी में एक अस्पताल परिसर पर इजराइली हवाई हमले में कम से कम चार लोगों की मौत हो गई और हमले के चलते युद्ध से विस्थापित लोगों के लिए बनाए गए एक शरणार्थी शिविर में आग लग जाने से कई लोग गंभीर रूप से झुलस गए। फलस्तीनी चिकित्सकों ने यह जानकारी दी।

इजराइली सेना ने कहा कि उसने नागरिकों के बीच छिपे आतंकवादियों को निशाना बनाया था। हालांकि उसने कोई सबूत नहीं दिया।

हाल के महीनों में इजराइल ने कई बार भीड़ वाले शरणार्थी शिविरों और तंबुओं में बनाए गए शिविरों पर हमला किया है और आरोप लगाया है कि हमास के लड़ाके हमलों के लिए इनका इस्तेमाल कर रहे हैं।



## पाकिस्तान, चीन ने समझौतों पर हस्ताक्षर किए, ग्वादर हवाई अड्डे का उद्घाटन किया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**इस्लामाबाद/भाषा।** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने सोमवार को चीनी प्रधानमंत्री ली कियांग से मुलाकात की और द्विपक्षीय संबंधों के साथ-साथ आपसी और क्षेत्रीय हितों के मुद्दों पर चर्चा की।

इस दौरान दोनों पक्षों ने कई समझौतों पर हस्ताक्षर किए और बीजिंग द्वारा वित्तपोषित ग्वादर हवाई अड्डे का ऑनलाइन माध्यम से उद्घाटन किया।



# राज्यपाल को 'मूल से यश शिखर तक' गौरव ग्रंथ भेंट किया गया

## राजभवन में होगा विमोचन 16 नवम्बर को

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। स्थानीय देवराज मूलचंद नाहर चेरिटेबल ट्रस्ट के एक प्रतिनिधि मंडल ने राजभवन में कर्नाटक के राज्यपाल थावरचंद गहलोत से मुलाकात की और उनको 'मूल से यश शिखर तक' गौरव ग्रंथ की एक प्रति भेंट की। इस मौके पर उपस्थित गौतमचंद मुथा ने बताया कि ट्रस्ट द्वारा प्रकाशित इस गौरव ग्रंथ में वरिष्ठ समाजसेवी मूलचंद नाहर के व्यक्तित्व तथा प्रेरणात्मक प्रसंगों का संग्रह है। इस अवसर पर राज्यपाल गहलोत द्वारा आगामी 16 नवंबर को इस गौरव ग्रंथ का जन जन के पठन हेतु विधिवत लोकार्पण करने हेतु राजभवन में समारोह आयोजित करने हेतु स्वीकृति भी प्रदान की।

इस मौके पर मूलचन्द नाहर स्वयं, मुकेश नाहर, गौतमचन्द मुथा, प्रकाश बाबेल आदि उपस्थित थे।



# कर्नाटक मुणोत परिवार ने कुलदेवी नागणेची देवी की आराधना की

बेंगलूरु/दक्षिण भारत। शहर के कर्नाटक मुणोत परिवार द्वारा गांधीनगर स्थित हीराचंद नाहर जैन भवन में कुलदेवी नागणेची देवी की स्थापना, पूजा, आराधना, आरती एवं महा प्रसादी का आयोजन किया गया। इस मौके पर भजन गायक शैलेश ने एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुति दी और माहौल को भक्तिमय बना दिया। इस मौके पर उपस्थित महेंद्र मुणोत ने कहा कि देवी मां की कृपा केवल उन पर बरसती है जिन्हें अपने माता-पिता का आशीर्वाद प्राप्त है।

हम मन में यह संकल्प करें अपने माता-पिता की सेवा करेंगे, उनका सम्मान करेंगे और उनकी आज्ञा का पालन करेंगे एवं कोई भी ऐसा काम नहीं करेंगे जिससे उनका दिल दुखे, ऐसा करने से माता रानी की कृपा बनी रहेगी। इस अवसर पर बच्चों एवं महिलाओं के लिए विभिन्न स्पर्धाओं का आयोजन किया गया। विजेता प्रतिभागियों को मुणोत परिवार की तरफ से पुरस्कृत किया गया।

कर्नाटक मुणोत परिवार के अध्यक्ष राजकुमार, मंत्री प्रकाशचंद, युवा अध्यक्ष जगतपाल, महिला अध्यक्ष मधु अशोक, भीखमचंद, राजेंद्रकुमार, सोहनलाल, हंसराज एवं अन्य मुणोत परिवार के सदस्य उपस्थित थे।

### ग्रांड डांडिया रास

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



बेंगलूरु के डी वाइब्स ग्रुप द्वारा नलपाड पैवेलियन में 'ग्रांड डांडिया नाइट विद गीता रबारी' का आयोजन किया गया, जिसमें भारी संख्या में उपस्थित युवा वर्ग ने गुजरात की मशहूर डांडिया गायिका गीता रबारी के डांडिया गीतों का खूब आनंद उठाया। इस मौके पर ग्रुप के सदस्यों ने गीता रबारी का सम्मान किया।

### आरएसएस पथ संचलन



हुब्बल्ली के राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सदस्यों ने विजयदशमी के अवसर पर पथसंचलन सम्पन्न हुआ, इस पथ संचलन में हजारों की संख्या में स्वयंसेवकों ने भाग लिया, पथसंचलन दो वाहिनियों में बंटकर अलग अलग मार्गो से गुजरा। महानगर सेवा प्रमुख सुभाषचंद्र डंक ने बताया कि पथ संचलन में राजस्थानी समाज सहित उतर भारत के लोगों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया।



# संयम वंदन कार्यक्रम के तहत राजेन्द्र परिषद सदस्यों ने किए साध्वीश्री के दर्शन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। अखिल भारतीय श्री राजेंद्र जैन नवयुवक परिषद शाखा के सदस्यों ने संयम वंदन कार्यक्रम के तहत संभवनाथ जैन श्वेतांबर संघ में विराजित साध्वीश्री मणिप्रभाश्रीजी के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। परिषद के राष्ट्रीय संरक्षक प्रकाश हिराणी ने साध्वीजी को परिषद के बारे में विस्तार से जानकारी दी। बेंगलूरु शाखा के अध्यक्ष हेमराज जैन ने बेंगलूरु शाखा की गतिविधियों की जानकारी देते हुए मानवसेवी, समाजसेवी व गुरु भक्ति कार्यक्रमों के बारे में बताया। इस मौके पर साध्वीश्री मणिप्रभाश्रीजी ने परिषद के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि आचार्यश्री जयंतसेनसूरीश्वरजी के आशीर्वाद से आप हमेशा प्रगति राह पर अग्रसर रहे। इस अवसर पर दक्षिण प्रांत के अध्यक्ष बाबूलाल सवानी, महामंत्री डूंगरमल चोपड़ा, बेंगलूरु शाखा सचिव नेमीचंद संघवी,उपाध्यक्ष चंपालाल निमानी, सहमंत्री प्रकाश ओस्तवाल, कोषाध्यक्ष दिनेश ओस्तवाल, निर्मल संघवी, चंपालाल वेदमुथा, जयंतीलाल पालगोता चौहान, हीराचंद पालगोता चौहान, राजेश गांधीमुथा, सुरेश छत्रगोता, नेमीचंद फोला मुथा, महेंद्र संघवी आदि सदस्य उपस्थित रहे।



# स्व. केसरीमल बुरड़ की स्मृति में बुरड़ परिवार ने किए गौसेवा व मानवसेवा कार्य

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। शहर के जाने माने समाजसेवी स्व. केसरीमल बुरड़ व स्व. सुजानमल बुरड़ की स्मृति में शंकुतला, प्रकाश-आरती, आदिती, वैभव बुरड़ परिवार की ओर से शहर के अनेक अनाथाश्रम, वृद्धाश्रम, शिशु आश्रम, राजस्थान की गौशाला में अनेक मानव व जीवदया कार्य किए गए। प्रकाशचन्द बुरड़ ने बताया कि बुरड़ परिवार द्वारा केसरीमल बुरड़ 'बाउसा' के पुण्यस्मरण पर शहर के विभिन्न वृद्धाश्रम, अनाथालय व शिशु विहार निवासितों के लिए तीनों समय के भोजन की व्यवस्था की गई, आवश्यकतानुसार आर्थिक सहयोग दिया गया व आगे भी सहयोग देने का आश्वासन किया।

प्रकाश बुरड़ ने अपने पिताश्री व काकाश्री की सेवा परिपाटी को आगे बढ़ाते हुए बताया कि राजस्थान देवगढ़ स्थित गुरु सौभाग्य मदन गौशाला के संस्थापक स्व. केसरीमल बुरड़ के चतुर्थ स्मरण दिवस पर गुरु सौभाग्य मदन गौशाला देवगढ़ में स्मृति सभा का आयोजन किया गया। इस मौके पर उपस्थित लोगों ने स्व. केसरीमल के गुणों व नेक कार्य को याद किया। चन्दनबाला महिला मंडल देवगढ द्वारा नवकार महामंत्र का जाप किया गया। इस अवसर पर गायों को गुड़ की लापसी का मीठा भोग के साथ हरा चारा, दलिया एवं गुड़ भी खिलाया गया। ज्ञातव्य है कि स्व. केसरीमलजी बुरड़ द्वारा निर्मित 200 बीघा वाली गौशाला में लगभग 800 गौमाता की सेवा गतिमान है। इस मौके पर पुत्र प्रकाश बुरड़ ने गौमाता के सवंर्धन-संरक्षण का संकल्प लिया एवं गौशाला मे आर्थिक सहायता के रूप में बड़ी राशि प्रदान की। स्व. केसरीमल-सुजानमल बुरड़ परिवार पहले से ही समाजसेवा व मानवसेवा के कार्य में अग्रणी रहा है। कुछ दिनों पहले बुरड़ परिवार ने बुजुर्गों की स्मृति में चेन्नई के लिए एक दिवसीय गुरु दर्शन यात्रा संघ का भी आयोजन किया था।

### उद्घाटन



सोमवार को बेल्लारी जिले के संदुर तालुक में 400 करोड़ से अधिक की पूर्ण परियोजनाओं को संदूर के लोगों को समर्पण कार्यक्रम 'साधना समावेश' का उद्घाटन मुख्यमंत्री सिद्दरामय्या ने किया। इस मौके पर उनके साथ उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार, जिला प्रभारी मंत्री जमीर अहमद खान, श्रम मंत्री संतोष लाड, लोक निर्माण मंत्री सतीश जराकीहोली, पूर्व मंत्री-सांसद ई. तुकाराम, विधायक लता मल्लिकार्जुन, कंपली गणेश, श्रीनिवास, नागराज, नारा भारत रेड्डी, गारंटी कार्यान्वयन समिति उपाध्यक्ष महरूज़ खान, केएमएफ अध्यक्ष भीमानिक, वरिष्ठ नेता अल्लम वीरभद्रप्पा, लिडकर अध्यक्ष नागराज और कई महत्वपूर्ण लोग उपस्थित थे।

### ज्ञापन



बेंगलूरु में सोमवार को राजभवन में कर्नाटक विधान परिषद विपक्ष के नेता छळवादी नारायणस्वामी और कर्नाटक विधानसभा में विपक्ष के नेता आर अशोक के नेतृत्व में एक भाजपा प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल थावरचंद गहलोत से मुलाकात की और एक ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर सीटी रवि, अश्वथ नारायण, विश्वनाथ व अन्य उपस्थित थे।

## विपक्षी दलों के सदस्यों ने वक्फ पर संसदीय समिति की बैठक का किया बहिष्कार

**नई दिल्ली/भाषा।** विपक्षी दलों के कई सदस्यों ने वक्फ (संशोधन) विधेयक पर विचार कर रही संसदीय समिति की बैठक का बहिष्कार करते हुए आरोप लगाया कि समिति नियम-कानून के अनुसार काम नहीं कर रही है। कांग्रेस के गौरव गोगोई और इमरान मसूद, द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) के ए राजा, शिवसेना (यूबीटी) के अरविंद सावंत, ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन के असदुद्दीन ओवैसी, सपा के मोहिबुल्लाह और आम आदमी पार्टी के संजय सिंह जैसे विपक्षी सांसद बैठक से बाहर निकल गए व इसकी कार्यवाही को लेकर अपनी चिंताएं व्यक्त कीं।

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
बेंगलूरु क्लासीफाइड
बिकाऊ
FLATS FOR SALE
PURVA BLUBELLE
Adjacent to **Magadi road Metro station**
Rajajinagar Centre of the City
3 bedroom & Exclusive 5 bedroom Flats + servant room with all luxurious Amenities,
Contact : 9844027560

# कांग्रेस ने धान खरीद में देरी को लेकर केंद्र, पंजाब सरकार पर साधा निशाना

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** कांग्रेस ने धान की फसल के भंडारण के बढ़ते संकट को लेकर सोमवार को केंद्र और पंजाब की भगवंत मान नीत आप सरकार की आलोचना की और आरोप लगाया कि यह राज्य की अर्थव्यवस्था को नष्ट करने की पूर्व नियोजित साजिश है।

पंजाब विधानसभा में विपक्ष के नेता प्रताप सिंह बाजवा ने मान पर निशाना साधा जिन्होंने सोमवार को उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्री प्रल्हाद जोशी से मुलाकात की। बाजवा ने कहा कि हर साल एक अक्टूबर से खरीद शुरू होने के बावजूद मान अपनी ''नींद'' से देर से जागे हैं। बाजवा ने यहां कांग्रेस मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा, ''पंजाब की मुख्य नकदी फसल धान है। पंजाब में धान का उत्पादन 180-185 लाख मीट्रिक टन है, जिसमें से 99 प्रतिशत चावल केंद्रीय पूल और जन वितरण प्रणाली (पीडीएस) में जाता है।'' उन्होंने कहा कि यह समस्या पिछले साल भी आई थी, जब पंजाब का चावल यहां के गोदामों में पड़ा था। उन्होंने कहा कि आमतौर पर हर साल एक अक्टूबर से खरीद शुरू होती है, लेकिन 14 दिन बीत जाने के बाद भी केवल पांच लाख मीट्रिक टन चावल ही आ पाया है। बाजवा ने कहा, ''मुझे अफसोस के साथ कहना पड़ रहा है कि भगवंत मान को छह महीने पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और जोशी से मिलना चाहिए था, क्योंकि हमारे गोदाम भरे हुए हैं और उनकी क्षमता पांच प्रतिशत भी नहीं है।''

कांग्रेस नेता ने कहा, ''...उन्होंने (मान ने) कहा है कि जोशी ने आश्वासन दिया कि पुराने गोदाम तब खाली किए जाएंगे जब ऐसे गोदामों में चावल का भंडार एक लाख मीट्रिक टन हो जाएगा। चार महीने में गोदाम खाली नहीं किए जा सकते, भले ही पूरा रेलवे लगा दिया जाए।''

# गुजरात भारत को 2047 तक विकसित बनाने की पहल का नेतृत्व करेगा : मुख्यमंत्री पटेल



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**गांधीनगर/भाषा।** गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने सोमवार को कहा कि 'अमृतकाल' में देश का विकास इंजन बन कर उनका राज्य 2047 तक भारत को विकसित बनाने की पहल का नेतृत्व करेगा।

पटेल ने यह टिप्पणी तत्कालीन मुख्यमंत्री (अब प्रधानमंत्री) नरेन्द्र मोदी के कार्यकाल के दौरान गुजरात में हुए विकास के उपलक्ष्य में मनाए जा रहे 'विकास सप्ताह' के तहत दो हजार करोड़ रुपए की परियोजनाओं की शुरुआत करते हुए की।

मोदी 2001 से 2014 तक गुजरात के मुख्यमंत्री रहे और इसके बाद से देश के प्रधानमंत्री पद पर आसीन हैं। गुजरात सरकार ने हाल में घोषणा की कि वह सात अक्टूबर 2001 को नरेन्द्र मोदी द्वारा राज्य के 14वें मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने के उपलक्ष्य में हर साल इस तारीख से एक सप्ताह तक 'विकास सप्ताह' मनाएगी। पटेल ने कहा, ''प्रधानमंत्री मोदी ने हमें यह दिखा कर प्रेरणा दी कि एक व्यक्ति भी कितना कुछ कर सकता है।''

पटेल ने गुजरात के तीन चरणों की चर्चा की। उन्होंने कहा कि पहला चरण 1960 में राज्य के गठन से 2001 तक का है जब उसे कई समस्याओं का सामना करना पड़ा। दूसरा चरण मोदी के नेतृत्व का रहा जब गुजरात ने परिवर्तनकारी बदलाव देखे। उन्होंने कहा, ''तीसरा चरण अमृत काल में प्रवेश कर रहा है। अगले 23 साल में जब हम मोदी के 'विकसित भारत' के वादे को पूरा करने के लिए काम करेंगे। इसके लिए हमें गुणवत्तापूर्ण काम की जरूरत है। वित्तीय रूप से, गुजरात का पहला स्थान है क्योंकि मोदी ने मजबूत नींव रखी है।''

पटेल ने कहा, ''मैं आश्वस्त हूं कि 2047 तक हम विकसित भारत के लक्ष्य को विकसित गुजरात के जरिये प्राप्त कर लेंगे और गुजरात भारत को विकसित बनाने में अग्रिम होगा। मुझे भरोसा है कि 2047 तक गुजरात विकसित भारत के लिए बड़ी बढ़त हासिल करेगा। गुजरात देश का विकास इंजन है और बना रहेगा।''

पटेल ने कहा कि मोदी ने गुजरात और यहां के लोगों को संकट और चुनौतियों को अवसर में बदलने की संस्कृति दी है। उन्होंने कहा कि मोदी हमें किसी भी तरह की परिस्थिति से उबरने और प्रगति जारी रखने की प्रेरणा देते हैं।

## हीरा प्राकृतिक है, या प्रयोगशाला में बना है, व्यापारियों के लिए बताना अनिवार्य हो : जीजेईपीसी

**नई दिल्ली/भाषा।** रत्न एवं आभूषण निर्यात संवर्धन परिषद (जीजेईपीसी) ने सरकार से कड़े नियम बनाने का आग्रह किया है, जिसमें व्यापारियों को विपणन करते समय यह स्पष्ट रूप से बताना अनिवार्य किया जाए कि हीरा प्राकृतिक है या प्रयोगशाला में तैयार किया गया है, ताकि किसी तरह की अस्पष्ट स्थिति से बचा जा सके।

उपभोक्ता मामलों के विभाग को भेजे गए पत्र में परिषद ने कहा है कि पारदर्शिता सुनिश्चित करना और स्पष्ट एवं मानकीकृत दिशानिर्देशों को लागू करना उपभोक्ताओं की सुरक्षा और घरेलू उद्योग की अखंडता को बनाए रखने के लिए आवश्यक है। उसे बताया गया कि भारत में प्रयोगशाला में तैयार किए गए हीरों के विपणन और विज्ञापन में शब्दावली का व्यापक दुरुपयोग हो रहा है। इस महत्वपूर्ण मुद्दे को हल करने के लिए परिषद ने ''अमेरिका के संघीय व्यापार आयोग (एफटीसी) दिशानिर्देशों को अपनाने का पक्ष लेने का निर्णय लिया है। ''ये दिशानिर्देश स्पष्ट रूप से परिभाषित, मानकीकृत नामकरण करते हैं और प्राकृतिक और प्रयोगशाला में तैयार किये गए दोनों हीरों के लिए अनिवार्य खुलासा जरूरतों को जरूरी बनाते हैं।''

# आंध्र प्रदेश में रोजगार सृजन राजग सरकार का प्राथमिक उद्देश्य : मुख्यमंत्री नायडू

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



अमरवाती/भाषा। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने सोमवार को कहा कि रोजगार सृजन राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार का प्राथमिक उद्देश्य है और औद्योगिक नीतियां इसके अनुरूप ही होनी चाहिए।

मुख्यमंत्री ने औद्योगिक विकास, एमएसएमई (सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग), खाद्य प्रसंस्करण और निजी औद्योगिक पार्क मसौदा नीतियों की समीक्षा करते हुए कहा कि नई नीतियां ऐसी हों, जिससे निवेशक और उद्योगपति आकर्षित हों ताकि 'व्यापार बढ़ाने' का मार्ग प्रशस्त हो।

एक आधिकारिक विज्ञप्ति के मुताबिक नायडू ने कहा, ''रोजगार सृजन (राजग) गठबंधन सरकार का प्राथमिक उद्देश्य है और औद्योगिक नीतियां इस उद्देश्य के अनुरूप होनी चाहिए।'' मुख्यमंत्री के अनुसार, निजी औद्योगिक पार्क नीति पर कुछ और विचार-विमर्श की आवश्यकता है तथा अन्य तीन नीतियों को मंत्रिमंडल की अगली बैठक में भेजा जा सकता है। नायडू ने विश्वास व्यक्त किया कि नई नीतियों में बड़े निवेश को आकर्षित करने की गुंजाइश है और इन्हें आठ विभागों के लिए तैयार किया जा रहा है। उन्होंने दक्षिणी राज्य में निवेश को प्रोत्साहित करने के हिस्से के रूप में कहा कि औद्योगिक विकास नीति को लागू करने के तुरंत बाद निवेश करने के लिए आगे आने वाले निवेशकों को अतिरिक्त प्रोत्साहन दिया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि मसौदा नीति में उन पहली 200 कंपनियों को अतिरिक्त प्रोत्साहन देने की बात कही गयी है, जो अपनी योजना और वाणिज्यिक उत्पादन की तारीख मुहैया कराएंगी। नायडू ने कहा कि जो कंपनियां अधिक संख्या में रोजगार सृजन करेंगी, उन्हें 10 प्रतिशत अधिक प्रोत्साहन मिलेगा। इसके अलावा मुख्यमंत्री ने कहा कि एमएसएमई नीति 'एक परिवार एक उद्योगपति' की तर्ज पर होनी चाहिए। नायडू ने कहा अमरावती में 'इनोवेशन हब' का नाम टाटा समूह के पूर्व चेयरमैन दिवंगत रतन टाटा के नाम पर रखा जाएगा।

# उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री ने भी अपने खिलाफ दर्ज मुकदमों को वापस लिया था : जी.परमेश्वर

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। कर्नाटक के गृहमंत्री जी.परमेश्वर ने 2022 में हुब्बल्ली में हुए दंगे के आरोपियों पर से मुकदमे वापस लेने का सोमवार को बचाव करते हुए दावा किया कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी खुद पर दर्ज मुकदमों को वापस लिया था। उत्तरी कर्नाटक के हुब्बल्ली में 16 अप्रैल 2022 को दंगे के दौरान पुलिस कर्मियों पर पत्थरबाजी करने की आरोपी भीड़ पर दर्ज मुकदमे वापस लेने के कर्नाटक सरकार के फैसले के खिलाफ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) यहां के फ्रीडम पार्क में प्रदर्शन कर रही है।इस बारे में सवाल किए जाने पर परमेश्वर ने यह टिप्पणी की। अधिकारिक सूत्रों ने बताया कि परमेश्वर को अंजुमन-ए-इस्लाम द्वारा दी गई अर्जी के बाद बृहस्पतिवार को मंत्रिमंडल ने कुल 43 मामलों को वापस लेने का फैसला किया जिनमें हुब्बल्ली का मामला एक है।

परमेश्वर ने यहां संवाददाताओं से कहा, मामलों को वापस लेने के प्रस्ताव को मंजूरी देने के बाद अदालत को फैसले की जानकारी दे दी गई है। अगर अदालत प्रस्ताव को स्वीकार कर लेती है तो मामले वापस हो जाएंगे। अगर ऐसा नहीं होता है तो मामले वापस नहीं होंगे। हम सतर्कता से प्रक्रिया का पालन करेंगे। हम मामले केवल इसलिए वापस नहीं लेंगे क्योंकि किसी ने ऐसा करने के लिये कहा है। उन्होंने दावा किया कि भाजपा भी जब कर्नाटक और अन्य राज्यों की सत्ता में थी तब मामले वापस लिए थे।

कर्नाटक के गृहमंत्री ने कहा, ''उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री (योगी आदित्यनाथ) के खिलाफ भी मामले दर्ज थे। उन्होंने इन



मामलों को मुख्यमंत्री पद पर रहते हुए वापस लिया। कई मामले वापस लिए गए।'' भाजपा को आड़े हाथ लेते हुए उन्होंने कहा, ''आप किस पर आरोप लगा रहे हैं जब व्यवस्था ऐसी है, हमने व्यवस्था के अंतर्गत यह निर्णय किया है।'' उन्होंने कहा कि करीब 60 मामलों को वापस लेने के प्रस्ताव थे लेकिन सरकार ने 43 मामलों को वापस लेने की मंजूरी दी।

परमेश्वर से सफाई देते हुए कहा, ''क्या वापस लिए गए सभी मामले अल्पसंख्यक समुदायों से जुड़े हुए हैं । ये सभी मामले किसानों, छात्रों और आम नागरिकों के खिलाफ दर्ज थे जिन्होंने विरोध प्रदर्शनों में हिस्सा लिया था। अगर सभी 43 मामले अल्पसंख्यकों से जुड़े होते तो मैं उनसे सहमत होता। हम ऐसा नहीं करते। हम सभी को एक समान देखते हैं।'' परमेश्वर ने 2020 में डी जे हल्ली और के जी हल्ली में हुए दंगे से जुड़े मामलों को वापस लेने के प्रस्ताव पर कहा कि सरकार उनकी समीक्षा करेगी और तय प्रक्रिया के तहत फैसला करेगी। उन्होंने कहा, ''मैं अकेला फैसला करने वाला नहीं हूं। मुख्यमंत्री और गृहमंत्री अकेले फैसला नहीं कर सकते। इसके बीच कई लोगों का दिमाग होता है।''

फ्रीडम पार्क में प्रदर्शन कर रहे भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष विजयेंद्र येडीयुरप्पा, विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष आर. अशोक, पूर्व उप मुख्यमंत्री सीएन अश्वथ नारायण और अन्य पार्टी नेताओं ने सरकार के इस कदम की आलोचना करते हुए इसे ''तुष्टीकरण की राजनीति'' करार दिया। भाजपा नेताओं ने आरोप लगाया कि सरकार दंगे और हिंसा के आरोपों का सामना कर रहे लोगों के मुकदमे वापस ले रही है।

विजयेंद्र ने कहा, हत्या की कोशिश और दंगे को भड़काना मामूली अपराध नहीं है फिर भी कांग्रेस न्याय के बजाय वोट बैंक की राजनीति को प्राथमिकता दे रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि गलत काम करने वालों को प्रोत्साहित कर कांग्रेस सरकार असामाजिक तत्वों को बढ़ावा दे रही है और सार्वजनिक सुरक्षा को खतरे में डाल रही है।

# बेंगलूरु एयरपोर्ट सिटी ने 20 लाख वर्ग फुट के बिजनेस पार्क की नींव रखी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। बेंगलूरु इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (बीआईएएल) की अनुषंगी कंपनी बेंगलूरु एयरपोर्ट सिटी लिमिटेड (बीएसीएल) ने अपने महत्वाकांक्षी 20 लाख वर्ग फुट के बिजनेस पार्क के लिए आधारशिला रखी। इसका उद्देश्य शहर को वैश्विक क्षमता केंद्रों (जीसीसी) के लिए एक वैश्विक केंद्र के रूप में बढ़ावा देना है। बीआईएएल ने सोमवार को बयान में कहा कि यह कर्नाटक सरकार की नई जीसीसी नीति (2024-2029) का हिस्सा है, जिसका लक्ष्य 3.5 लाख नौकरियां पैदा करना और अर्थव्यवस्था में 50 अरब डॉलर का योगदान करना है।

बयान के अनुसार, केम्पेगौड़ा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे (बीएलआर एयरपोर्ट) के परिसर में स्थित, बेंगलूरु एयरपोर्ट सिटी को एक मिश्रित उपयोग गंतव्य के रूप में विकसित किया जा रहा है, जिसमें व्यावसायिक पार्क, एक शिक्षा और स्वास्थ्य जिला, अनुसंधान एवं विकास केंद्र और कई मनोरंजन और आतिथ्य विकल्प शामिल हैं। बिजनेस पार्क 17.7 एकड़ में बनाया जाएगा। बीएसीएल के कार्यकारी निदेशक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) राव मुनुकुटला ने कहा, शहर ने वैश्विक क्षमता केंद्रों (जीसीसी) के लिए भारत के प्रमुख केंद्र के रूप में अपनी स्थिति को मजबूत किया है, जिसमें भारत के 36 प्रतिशत जीसीसी कार्यबल आईटी, जैव प्रौद्योगिकी, ऑटोमोटिव और एयरोस्पेस में विकास को बढ़ावा दे रहे हैं।

यह उल्लेख किया गया कि बिजनेस पार्क से पैदल दूरी पर स्थित आगामी एयरपोर्ट वेस्ट मेट्रो स्टेशन, बेंगलूरु के सिटी सेंटर से संपर्क बढ़ाएगा, जिससे कर्मचारियों और आगंतुकों के लिए तेज और पर्यावरण अनुकूल यात्रा उपलब्ध होगी।

## मकान की चाबी



सोमवार को बेंगलूरु में मुख्यमंत्री सिद्दरामय्या ने राजीव गांधी हाउसिंग कॉरपोरेशन द्वारा 135 करोड़ की लागत से कराए गए 2172 मकानों के निर्माण कार्य में 500 पूर्ण मकान लाभार्थियों को सौंपे। बाकी मकान भी निर्माणाधीन हैं। इस मौके पर उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार, आवास मंत्री जमीर अहमद, श्रम मंत्री संतोष लाड, गारंटी कार्यान्वयन समिति के उपाध्यक्ष महरूज खान सहित विधायक और अन्य गणमान्य उपस्थित थे।

# प्रह्लाद जोशी ने 'झूठे दावों' के लिए 'एयर प्यूरीफायर' कंपनियों की आलोचना की

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु/नई दिल्ली। उपभोक्ता मामलों के मंत्री प्रल्हाद जोशी ने नई दिल्ली में सोमवार को 'एयर प्यूरीफायर' (हवा को शुद्ध करने वाली मशीन) के बारे में झूठे दावे' करने के लिए इनके विनिर्माताओं की आलोचना की। केंद्रीय मंत्री ने सर्दियों से पहले उपभोक्ता जागरूकता बढ़ाने का आह्वान किया, जब पड़ोसी राज्यों में फसलों के ठूंठ (पराली) जलाने के कारण दिल्ली में वायु प्रदूषण बढ़ जाता है। विश्व मानक दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जोशी ने कुछ एयर प्यूरीफायर कंपनियों द्वारा अपनाई गई 'भ्रामक विपणन रणनीति' पर चिंता जताई।



उन्होंने कहा, वायु प्रदूषण पर चर्चा शुरू हो गई है। मोबाइल पर वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) देखकर लोग डर के मारे एयर प्यूरीफायर खरीद लेते हैं। एयर प्यूरीफायर वाले ऐसे झूठे दावे करते हैं। ...हम एयर प्यूरीफायर देखते हैं और बहुत कुछ लिखा होता है लेकिन उसमें कुछ नहीं होता। उसमें बस एक पंखा होता है, फिर भी दावे किए जाते हैं। जोशी ने इस मुद्दे को सुलझाने के लिए भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस), उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय और उपभोक्ताओं को शामिल करते हुए एक सहयोगात्मक दृष्टिकोण अपनाने का आह्वान किया। हाल के वर्षों में बीआईएस द्वारा किए गए असाधारण शानदार काम' की प्रशंसा करते हुए मंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि इस दिशा में और अधिक काम किए जाने की आवश्यकता है।

मंत्री ने भ्रामक उत्पाद दावों से निपटने में सामूहिक जिम्मेदारी पर जोर देते हुए कहा, मैं इसके लिए बीआईएस को दोष नहीं देता। पिछले कुछ वर्षों में बीआईएस ने असाधारण रूप से शानदार काम किया है। लेकिन बीआईएस और उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय और उपभोक्ताओं दोनों को मिलकर जागरूकता पैदा करने की जरूरत है।

यह महत्वपूर्ण है, और मैं दृढ़ता से ऐसा महसूस करता हूं। उन्होंने हर भारतीय को सुरक्षित, विश्वसनीय और उच्च गुणवत्ता वाले उत्पादों और सेवाओं तक पहुंच सुनिश्चित करने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता पर जोर दिया। ये टिप्पणियां ऐसे समय में आई हैं जब प्रमुख भारतीय शहरों में वायु गुणवत्ता और एयर प्यूरीफायर बाजार के विस्तार को लेकर चिंताएं बढ़ रही हैं।

जोशी ने सरकारी ई-मार्केटप्लेस (जीईएम) पोर्टल पर सार्वजनिक खरीद के लिए बीआईएस मानकों को अनिवार्य बनाने की योजना की भी घोषणा की। उन्होंने कहा, जीईएम पर बीआईएस मानकों को आंशिक रूप से लागू किया गया है। हम इसे अनिवार्य बनाने की कोशिश करेंगे।

# इसरो अध्यक्ष सोमनाथ को 'वर्ल्ड स्पेस अवार्ड' से सम्मानित किया गया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने सोमवार को कहा कि उसके अध्यक्ष एस सोमनाथ को चंद्रयान-तीन की उल्लेखनीय उपलब्धि के लिए इंटरनेशनल एरोनॉटिकल फेडरेशन (आईएएफ) के प्रतिष्ठित 'वर्ल्ड स्पेस अवार्ड' से सम्मानित किया गया है। इसरो का मुख्यालय यहां बेंगलूरु में है। इसरो ने एक ऑनलाइन पोस्ट में कहा, यह सम्मान अंतरिक्ष अन्वेषण में भारत के योगदान को रेखांकित करता है। मिलान (इटली) में इसका जश्न मनाया जा रहा है क्योंकि हम नयी सीमाओं के लिए प्रयास करना जारी रख रहे हैं। आईएएफ के अनुसार, इसरो का चंद्रयान-तीन मिशन वैज्ञानिक जिज्ञासा और लागत प्रभावी इंजीनियरिंग के तालमेल का उदाहरण है जो उत्कृष्टता के प्रति भारत की प्रतिबद्धता और अंतरिक्ष अन्वेषण से मानवता को मिलने वाली विशाल क्षमता का प्रतीक है।



आईएएफ ने एक बयान में कहा, ''चंद्रमा की संरचना और भूविज्ञान के अज्ञात पहलुओं को तेजी से सामने लाते हुए यह मिशन नवाचार के प्रति वैश्विक प्रमाण का प्रतीक है।

ऐतिहासिक मील का पत्थर हासिल करते हुए चंद्रयान-तीन चांद के दक्षिणी ध्रुव के पास उतरने वाला पहला यान है जो अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आकांक्षा और तकनीकी कौशल दोनों का प्रदर्शन करता है।'' चंद्रयान-तीन को पिछले साल छह जुलाई को श्रीहरिकोटा प्रक्षेपण केंद्र से भेजा गया था और इसने 23 अगस्त को दक्षिणी ध्रुव के पास सफलतापूर्वक 'सॉफ्ट लैंडिंग' की थी।



# दिसम्बर तक 'कुसुम-सी' का पहला चरण पूर्ण होना चाहिए : केजे जॉर्ज

बेंगलूरु/दक्षिण भारत। ऊर्जा मंत्री केजे जॉर्ज ने विभाग के अधिकारियों को कुसुम-सी योजना के पहले चरण के तहत स्थापित किए जा रहे फीडर-स्तरीय सौर ऊर्जा संचालित स्टेशन का निर्माण दिसंबर 2024 के अंत तक पूरा करने का निर्देश दिया है। सोमवार को बेसकॉम मुख्यालय में कुसुम परियोजनाओं की प्रगति पर समीक्षा बैठक में ऊर्जा मंत्री केजे जॉर्ज ने अगले साल जनवरी से बिजली की मांग में होने वाली वृद्धि पर जोर दिया। उन्होंने अधिकारियों से कुसुम-सी योजना के तहत वर्तमान में चल रही सौर ऊर्जा उत्पादन इकाइयों को पूरा करने में तेजी लाने का आग्रह किया ताकि फीडरों को विश्वसनीय बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके।

उन्होंने कहा, कुसुम-सी योजना के पहले चरण के कार्यान्वयन में तेजी लाने के अलावा, हमें बिना देरी किए दूसरे चरण के लिए निविदा प्रक्रिया शुरू करने की आवश्यकता है। इसके अलावा, केपीटीसीएल को प्रत्येक फीडर की बिजली आपूर्ति क्षमता के बारे में सूचित किया जाना चाहिए ताकि हम आवश्यकतानुसार सबस्टेशनों को अपग्रेड करने के लिए आवश्यक कदम उठा सकें। कुसुम सी फीडर सोलराइजेशन परियोजना के तहत, सौर ऊर्जा उत्पादन इकाइयाँ स्थापित की जाएँगी, जो सीधे आस-पास के सबस्टेशनों को बिजली की आपूर्ति करेंगी। यह दृष्टिकोण सुनिश्चित करता है कि प्रत्येक सबस्टेशन में बिजली लगातार उपलब्ध रहे, जिससे संभावित ग्राहक बिजली संबंधी समस्याओं का प्रभावी ढंग से समाधान हो सके।

कुसुम पहल भारत सरकार और राज्य सरकारों के बीच एक संयुक्त प्रयास है। इसे किसानों की ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने और कृषि को अधिक टिकाऊ बनाने के लिए शुरू किया गया था। सौर ऊर्जा का उद्देश्य किसानों को वित्तीय और जल सुरक्षा प्रदान करना भी है।

कुसुम योजना को लोकप्रिय बनाने के लिए कर्नाटक द्वारा किए गए प्रयास अक्षय ऊर्जा को बढ़ावा देने और किसानों का समर्थन करने के लिए राज्य की प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं। योजना में भागीदारी को सक्रिय रूप से प्रोत्साहित करके, कर्नाटक किसानों को उनकी ऊर्जा आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए सौर ऊर्जा का उपयोग करने, पारंपरिक ऊर्जा स्रोतों पर निर्भरता कम करने और पर्यावरण संरक्षण में योगदान करने में मदद कर सकता है। यह पहल व्यक्तिगत किसानों को लाभान्वित करती है और व्यापक ऊर्जा सुरक्षा और सतत विकास लक्ष्यों के साथ संरेखित होती है। कुसुम को बढ़ावा देने में कर्नाटक का सक्रिय रुख सामाजिक-आर्थिक विकास को बढ़ावा देने और हरित भविष्य को बढ़ावा देने में अक्षय ऊर्जा के महत्व की मान्यता को दर्शाता है।

मंत्री ने कहा, राज्य ने कुसुम-बी योजना के तहत 40,000 सौर पंप सेटों को मंजूरी दी है। इस लक्ष्य को पूरा करने के लिए हमें फीडरों से 500 मीटर से अधिक अनधिकृत पंप सेटों का सर्वेक्षण तेजी से पूरा करना होगा। जिन लोगों ने पहले ही आवेदन जमा कर दिए हैं, उनके लिए सौर पंप सेट स्थापित करने को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। अगले चरण में हम अतिरिक्त सौर पंप सेटों के लिए प्रस्तुत आवेदनों पर विचार करेंगे।

**दशहरा लाइटिंग की सराहना**

ऊर्जा मंत्री केजे जॉर्ज ने इस साल के मैसूरु दशहरा सजावट और ड्रोन शो के लिए चामुंडेश्वरी विद्युत आपूर्ति निगम (सीईएससी) की सराहना करते हुए कहा, इस साल की सजावट पहले से कहीं अधिक प्रभावशाली थी। उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने भी उनकी प्रशंसा की है। सजावट की सफलता में योगदान देने वाले सभी अधिकारी और कर्मचारी हमारी बधाई के पात्र हैं।

# प्रगति गौड़ा ने फ्रांस में रैली डु सेंटर ऐल्सेस' में किया प्रभावित

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु/सेलेस्टेट (फ्रांस)। भारतीय रैली चालक प्रगति गौडा रविवार को यहां रैली 'डु सेंटर ऐल्सेस' में ओवरऑल 16वें स्थान पर रही। प्रगति की यह चौथी अंतरराष्ट्रीय स्पर्धा है। इस स्पर्धा में रविवार को प्रगति के अलावा 67 और राइडरों ने चुनौती पेश की । स्पर्धा के शुरुआती चरण में 36वें स्थान पर रहने वाली बेंगलूरु की राइडर प्रगति ने दूसरे चरण में आत्मविश्वास दिखाते हुए 108.5 किलोमीटर प्रति घंटे की औसत रफ्तार निकाली। इस दो दिवसीय रैली में राइडरों को 306.11 किलोमीटर की दूरी तय करनी थी।

उन्होंने स्पर्धा के बाद कहा, 'यह मेरी चौथी अंतरराष्ट्रीय रैली थी और मैं हर रैली में मैं लगातार सुधार कर रही हूं जो मेरे लिए सकारात्मक बात है। हर रैली में परिस्थितियां एक दूसरे से अलग रही है। मेरे लिए यह अब तक की सबसे कठिन रैली रही।'

# कन्नड़ अभिनेता दर्शन की जमानत याचिका खारिज

बेंगलूरु। शहर की एक सत्र अदालत ने 33 वर्षीय रेणुकास्वामी की हत्या के संबंध में सोमवार को कन्नड़ अभिनेता दर्शन थुगुदीपा और उनकी मित्र पवित्रा गौड़ा की जमानत याचिकाओं को खारिज कर दिया। अभिनेता के प्रशंसक रेणुकास्वामी की उसके गृहनगर चित्रदुर्ग से अगवा कर कथित तौर पर दर्शन और उनके गिरोह के सदस्यों द्वारा प्रताड़ित कर हत्या कर दी गई थी। रेणुकास्वामी ने मामले के मुख्य आरोपी और अभिनेता की मित्र पवित्रा गौड़ा को कथित तौर पर अश्लील संदेश भेजे थे, जिस वजह से दर्शन नाराज हो गया था। ऐसा बताया जाता है कि इस बात से नाराज होकर उकसावे में ही रेणुकास्वामी की हत्या हुई। रेणुकास्वामी का शव नौ जून को बेंगलूरु के सुमनहल्ली में एक अपार्टमेंट परिसर के पास एक नाले के बाहर मिला था। बेंगलूरु पुलिस ने सितंबर में इस मामले में दर्शन और गौड़ा सहित 17 लोगों को आरोपी बनाते हुए 3,991 पृष्ठों का एक विस्तृत आरोपपत्र दायर किया था।



# बेंगलूरु में चार सदस्यीय परिवार मृत मिले

बेंगलूरु। यहां सिंगनायकनहल्ली में एक चार सदस्यीय परिवार मृत पाया गया। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस सूत्रों ने बताया कि मृतकों की पहचान अविनाश (33), उनकी पत्नी ममता (30) और उनकी दो बेटियां अधीरा (5) और अन्यया (3) साल केरूप में हुई है।

राइड-हेलिंग ऐप के कैब चालक अविनाश का शव फांसी पर लटका हुआ पाया गया, जबकि अन्य लोग अपने घर में मृत पाए गए। कलबुर्गी जिले का यह परिवार पिछले पांच-छह वर्षों से यहां रह रहा था।

बेंगलूरु ग्रामीण जिले के पुलिस अधीक्षक सीके बाबा ने संवाददाताओं को बताया कि सुबह जब अविनाश का भाई आया और जब किसी ने दरवाजा नहीं खोला, तो उसने दरवाजा तोड़ा और अपने भाई, उसकी पत्नी और उनकी दो बेटियों को मृत पाया। अविनाश ने खुद को फांसी लगा ली थी। उन्होंने बताया कि जांच चल रही है कि बाकी लोगों की मौत कैसे हुई।

# अभिनेता बाला को गिरफ्तार किया गया

कोच्चि/भाषा। फिल्म अभिनेता बाला को उनकी पूर्व पत्नी और उनकी बेटी द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत के बाद सोमवार को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि अभिनेता पर सोशल मीडिया के माध्यम से मानहानि, नारीत्व का अपमान और बच्चों के प्रति क्रूरता के आरोप लगाए गए हैं।

# 'गौमाता को राष्ट्रमाता घोषित करें सरकार'

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंदजी राजधानी पहुंचे वहां पर पादुका पूजन हुआ। उसके बाद शंकराचार्यजी ने गौ ध्वज स्थापना की। गौ ध्वज स्थापना भारत यात्रा के कार्यक्रम को संबोधित करते हुए परमाराध्य परमधर्माधीष उत्तराम्नाय ज्योतिष्पीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामिश्रीः अविमुक्तेश्वरानन्दः सरस्वती जी महाराज ने कहा कि पूज्य शंकराचार्य जी महाराज गोमाता को राष्ट्रमाता घोषित कराने के लिए पिछले 22 सितम्बर को अयोध्या धाम में पहुंचकर रामकोट की परिक्रमा कर इस यात्रा की शुरुआत की थी, ये ऐतिहासिक यात्रा पूर्वोत्तर के प्रायः सभी राज्यों में जाकर गोप्रतिष्ठा ध्वज की स्थापना कर चुकी।

इस ऐतिहासिक यात्रा को विगत दिनों तब एक बडी सफलता मिली जब पूज्यपाद शंकराचार्य जी महाराज के निर्देश पर महाराष्ट्र सरकार के मुख्यमंत्री एकनाथ सम्भाजी शिन्दे जी ने देसी (रामा)



गाय को राज्यमाता घोषित करके केबिनेट की प्रस्ताव की कापी शंकराचार्यजी को सौंपी।

शंकराचार्यजी ने कहा कि हम सभी को ऐतिहासिक यात्रा के माध्यम से भारत भूमि की ऊपर से गौहत्या सम्पूर्णतया बंद कर राष्ट्रमाता घोषित कराने के लिए प्रयास करना चाहिए। उन्होंने कहा कि गौ गंगा कृपाकांक्षी गोपालमणि का ये आंदोलन अत्यन्त पवित्र है। इसलिए इस आंदोलन को बल देने के लिए इस अभियान में लगे हुए हैं। गाय को दूध देने वाले पशु समझने वाले और गाय को मांस समझने वाले दोनों ही गाय के महत्व से अनभिज्ञ है। भगवद्गीता में भगवान कहते हैं कि हमारे साथ भगवान ने यज्ञ को प्रकट किया और हम परस्पर एक दूसरे के लिए बनाए गए हैं। 'मातीति माता' जो सबको अपने अन्दर समा ले वही माता है। गौमाता में सब कुछ समाहित है।

## बगीना अर्पित



सोमवार को बेल्लारी जिले के संदुर तालुक में नारीहल्ला जलाशय के लवालब भर जाने पर मुख्यमंत्री सिद्दरामय्या, उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने बगीना अर्पित कर पूजा अर्चना की। इस मौके पर उनके साथ मंत्री बी. जेड जमीर अहमद खान, संतोष लाड, विधायक लता मल्लिकार्जुन आदि उपस्थित थे।

# कांग्रेस विधायक बी नागेंद्र को करोड़ों रुपये के वाल्मीकि निगम घोटाला मामले में जमानत मिली

बेंगलूरु/दक्षिण भारत। कांग्रेस विधायक बी नागेंद्र को सोमवार को सांसदों-विधायकों के लिए विशेष अदालत ने जमानत दे दी। कर्नाटक महर्षि वाल्मीकि अनुसूचित जनजाति विकास निगम घोटाले में शामिल होने के आरोपों के बाद उन्होंने जून में अनुसूचित जनजाति कल्याण मंत्री के पद से इस्तीफा दे दिया था।प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने पिछले सप्ताह कहा था कि नागेंद्र की पहचान घोटाले के मुख्य आरोपी और मास्टरमाइंड के रूप में की गई है, जिन्होंने 24 अन्य लोगों की मदद से कथित तौर पर इस घोटाले को अंजाम दिया। ईडी ने पूर्व में जांच के दौरान नागेंद्र और पांच अन्य प्रमुख आरोपियों को गिरफ्तार किया था। ईडी की जांच से पता चला कि नागेंद्र के प्रभाव में निगम का खाता बिना किसी उचित मंजूरी के एमजी रोड शाखा में स्थानांतरित कर दिया गया, जहां गंगा कल्याण योजना के तहत राज्य के खजाने से प्राप्त 43.33 करोड़ रुपये सहित 187 करोड़ रुपये उचित प्रक्रियाओं का पालन किए बिना और सरकारी दिशानिर्देशों का उल्लंघन करते हुए जमा किए गए।

ईडी ने कहा, ''बाद में इस धन को कई फर्जी खातों के माध्यम से निकाल लिया गया और नकदी और सोने-चांदी में बदल दिया गया। ईडी की जांच में यह भी पता चला है कि हेराफेरी किए गए कोष में से 20.19 करोड़ रुपये का इस्तेमाल बेल्लारी निर्वाचन क्षेत्र से 2024 का लोकसभा चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवार के समर्थन के साथ-साथ बी नागेंद्र के निजी खर्चों के लिए किया गया था।''



# नारी सशक्तीकरण के लिए सभी स्तरों पर हो प्रयास : राज्यपाल

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने कहा है कि वही समाज तेजी से विकास की ओर आगे बढ़ता है जिसमें नारी सशक्तीकरण के लिए कार्य होता है। उन्होंने कहा कि बच्चों को संस्कार और हिम्मत नारी शक्ति के रूप में मां ही देती है। उन्होंने मातृ शक्ति को बच्चों की बौद्धिक क्षमता में वृद्धि करने वाली बताते हुए कहा कि महिलाओं को मन से मजबूत होना चाहिए। बागडे सोमवार को एक निजी होटल में 'महिला सुरक्षा मंच' द्वारा आयोजित 'नारी शक्ति 2024' पुरस्कार समारोह में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण, उद्यमिता, शिक्षा, चिकित्सा, अर्थव्यवस्था आदि विभिन्न क्षेत्रों में विशिष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को 'नारी शक्ति 2024' पुरस्कार प्रदान करते हुए उनके कार्यों से प्रेरणा लेने का आह्वान किया।

राज्यपाल ने कहा कि महिलाओं को हमारे यहां देवी का रूप दिया गया है। वे शक्तस्वरूपा हैं, इसलिए उन्हें हर स्थिति में निडर होना चाहिए। उन्होंने कहा कि भारतीय परंपरा में कन्या पूजन की परंपरा आरंभ से रही हैं। उन्होंने सनातन संस्कृति और नारी शक्ति की चर्चा करते हुए कहा कि नवरात्रा शक्ति उपासना का ही पर्व है। उन्होंने कहा कि पर्वों के जरिए भारतीय संस्कृति को जीवित रखने का कार्य घर की महिलाओं ने ही किया हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा महिला आरक्षण बिल पारित कर महिलाओं को आगे बढ़ाने का ऐतिहासिक कार्य किया गया है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहल पर देश में नारी सशक्तिकरण की दिशा में निरंतर कार्य किया गया है। उन्होंने राजस्थान के सुदूर क्षेत्रों में हर घर जल और अन्य कार्यों से आए बदलाव की चर्चा करते हुए कहा कि महिलाओं की कठिनाइयों को दूर करने के साथ ही लखपति दीदी, महिला उद्यमिता के लिए निरंतर कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने विकसित भारत के लिए महिला भागीदारी के अंतर्गत भी कार्य किए जाने पर जोर दिया।

उन्होंने समाज में महिला शिक्षा और उन्हें अवसर देने के लिए सभी स्तरों पर कार्य करने पर जोर दिया। इस अवसर पर जयपुर नगर निगम की महापौर श्रीमती सौम्या गुर्जर ने महिला शक्ति के लिए मिलकर कार्य करने पर जोर दिया। आरंभ में 'महिला सुरक्षा मंच' की श्रीमती बबीता शर्मा ने सभी का स्वागत किया।

# मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की अध्यक्षता में 'राजस्थान इकोनॉमिक रिवाइवल टास्क फोर्स' का गठन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



जयपुर। प्रदेश में वित्त, आर्थिक प्रबंधन, बुनियादी ढांचे, कृषि और विकासात्मक आदि क्षेत्रों के विकास के लिए मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में 'राजस्थान इकोनॉमिक रिवाइवल टास्क फोर्स' (ठएठढक्र) का गठन किया गया है। बजट घोषणा वर्ष 2024-25 की अनुपालना में राज्य सरकार द्वारा इस संबंध में आदेश जारी किया गया है। उप मुख्यमंत्री(वित्त) इस टास्क फोर्स के उपाध्यक्ष होंगे। उप मुख्यमंत्री(परिवहन व उच्च शिक्षा), उद्योग मंत्री, ऊर्जा मंत्री, कृषि मंत्री, मुख्य सचिव, अतिरिक्त मुख्य सचिव वित्त, अतिरिक्त मुख्य सचिव ऊर्जा, अतिरिक्त मुख्य सचिव जल संसाधन, प्रमुख शासन सचिव उद्योग, प्रमुख शासन सचिव कृषि एवं उद्यानिकी तथा शासन सचिव आयोजना इस टास्क फोर्स के सदस्य होंगे तथा शासन सचिव, वित्त(बजट) सदस्य सचिव होंगे। प्रशासनिक सुधार विभाग के शासन उप सचिव अशोक कुमार शर्मा ने बताया कि टास्क फोर्स में वित्त, आर्थिक प्रबंधन, बुनियादी ढांचे, कृषि और विकासात्मक क्षेत्रों से 5 विषय विशेषज्ञों को सदस्य के रूप में नामित किया जा सकेगा। उन्होंने बताया कि टास्क फोर्स द्वारा प्रमुख आर्थिक क्षेत्रों की पहचान, नीति निर्माण और कार्यान्वयन, कौशल विकास और शिक्षा, बुनियादी ढांचे का विकास, नवाचार और प्रौद्योगिकी को बढ़ावा, एमएसएमई और स्टार्टअप को बढ़ावा, पर्यटन और सांस्कृतिक विरासत, हरित विकास को बढ़ावा देने सहित प्रदेश की आर्थिक व रोजगार वृद्धि जैसे विषयों के संबंध में अभिशंसाएं की जाएंगी। शर्मा ने बताया कि इस टास्क फोर्स का कार्यकाल 31 मार्च, 2028 तक रहेगा एवं इसकी बैठक वर्ष में कम से कम एक बार आयोजित की जाएगी एवं वित्त विभाग इसका प्रशासनिक विभाग रहेगा।

## राज्यसभा के पूर्व सदस्य पिलानिया का निधन



जयपुर/दक्षिण भारत । राजस्थान के राज्यसभा के पूर्व सदस्य ज्ञानप्रकाश पिलानिया का रविवार रात यहां निधन हो गया। वे कुछ दिन से बीमार थे। राज्यपाल और मुख्यमंत्री सहित तमाम नेताओं ने पिलानिया के निधन पर शोक जताया है। मिली जानकारी के अनुसार, राजस्थान के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) रहे पिलानिया (93) ने रविवार रात यहां एक निजी अस्पताल में अंतिम श्वांस ली। राजभवन के प्रवक्ता के अनुसार, राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने पूर्व राज्यसभा सदस्य पिलानिया के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने पिलानिया के निधन पर शोक जताते हुए 'एक्स' पर लिखा, राजस्थान से पूर्व राज्यसभा सदस्य और पूर्व डीजीपी ज्ञानप्रकाश पिलानिया के निधन का समाचार अत्यंत दुखद है। प्रभु राम पुण्यात्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान प्रदान करें एवं शोकाकुल परिजनों को यह अथाह दुःख सहने की शक्ति दें।' पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत तथा अन्य नेताओं ने भी पिलानिया के निधन पर शोक जताया है।

## पूर्वी हिस्सों में कई जगह बारिश

जयपुर/दक्षिण भारत। राजस्थान के पूर्वी हिस्सों में कई जगह सोमवार को सुबह तक, बीते चौबीस घंटों के दौरान हल्की से मध्यम बारिश दर्ज की गई। मौसम केंद्र जयपुर के अनुसार, इस दौरान पूर्वी राजस्थान में कहीं-कहीं पर हल्की से मध्यम वर्षा दर्ज की गयी जबकि पश्चिमी राजस्थान में मौसम मुख्यतः शुष्क रहा। सबसे अधिक 47 मिलीमीटर बारिश डूंगला (चित्तौडगढ़) में दर्ज की गयी। सर्वाधिक 38.2 डिग्री सेल्सियस तापमान गंगानगर में दर्ज किया गया।

## सड़क हादसे में बाइक सवार दो लोगों की मौत

जयपुर/दक्षिण भारत। राजस्थान के सिरोही जिले के कैलाश नगर थाना क्षेत्र में रविवार सुबह एक पिकअप वाहन और बाइक की भिड़ंत में दो लोगों की मौत हो गई। थानाधिकारी कानाराम सीरवी ने बताया कि टेंट का सामान ले जा रहे एक पिकअप वाहन ने देवनगर में बाइक को टक्कर मार दी जिससे दो पहिया वाहन सवार दिनेश रेबारी (20) और निंबाराम रेबारी (18) की मौत हो गई। उन्होंने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिये गये। सीरवी ने बताया कि दोनों वाहनों को जब्त कर लिया गया है। उनके मुताबिक, पिकअप चालक के खिलाफ मामला दर्ज जांच की जा रही है।

## नायब तहसीलदार आठ हजार रुपये रिश्वत लेते गिरफ्तार

जयपुर/दक्षिण भारत। राजस्थान में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने आज बारां जिले में सीसवाली उप तहसील के नायब तहसीलदार बाबूलाल गोचर को आठ हजार रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया। ब्यूरो के महानिदेशक डॉ रवि प्रकाश मेहरड़ा ने बताया कि ब्यूरो में परिवादी द्वारा शिकायत दी गयी कि उसकी दुकान का अतिक्रमण हटाने का नोटिस एवं मामला रफा-दफा करने की एवज में बाबूलाल गोचर, नायब तहसीलदार, उप तहसील सीसवाली द्वारा आठ हजार रुपये रिश्वत की मांग कर परेशान किया जा रहा है। ब्यूरो टीम ने शिकायत का सत्यापन करवाने के बाद सोमवार को ट्रैप की कार्यवाही करते हुये आरोपी बाबूलाल गोचर को परिवादी से आठ हजार रुपये रिश्वत राशि लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया। ब्यूरो द्वारा इस मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जायेगा।



**शिष्टाचार भेंट**

राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े से सोमवार को राजभवन में प्रदेश के चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर ने मुलाकात की। राज्यपाल बागड़े से उनकी यह शिष्टाचार भेंट थी।

# आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन पर कार्यशाला

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की पहल एवं चिकित्सा मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर के निर्देशों पर प्रदेश में चिकित्सा सेवाओं को सुगम बनाने के लिए तकनीकी नवाचार लागू करने पर प्रतिबद्धता से कार्य किया जा रहा है। इसी कड़ी में निम्स हॉस्पिटल, जयपुर में आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के तहत कार्यशाला का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन राजस्थान की आईटी की ओर से आयोजित इस कार्यशाला में डिजिटल स्वास्थ्य सेवाओं के अंतर्गत हेल्थ प्रोफेशनल रजिस्ट्री के लाभों से अवगत कराया गया।

कार्यशाला में निम्स हॉस्पिटल के डॉक्टर्स और नर्सिंग स्टाफ ने भाग लिया। उन्हें हेल्थ प्रोफेशनल रजिस्ट्री के महत्व और इसके विभिन्न फायदों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। उल्लेखनीय है कि एचपीआर आईडी से स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं की प्रोफेशनल पहचान की सुरक्षा, पारदर्शिता और आसानी से ट्रैकिंग संभव होती है, जिससे मरीजों को गुणवत्तापूर्ण सेवाएं मिलती हैं। कार्यशाला के दौरान डॉक्टर्स और नर्सिंग स्टाफ की एचपीआर आईडी भी बनाई गई, ताकि वे देशव्यापी डिजिटल स्वास्थ्य नेटवर्क से जुड़ सकें और अपनी सेवाओं को और अधिक सशक्त रूप से प्रदान कर सकें।

# धार्मिक आयोजनों से सामाजिक सद्भाव को मिलता है बल : शर्मा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संजय शर्मा ने सोमवार को अलवर जिले में गोविन्दगढ मोड से निकाली गई कलश व शोभायात्रा को ध्वजा लहराकर रवाना किया। शर्मा ने आमजन को कहा कि धार्मिक आयोजन सामाजिक सद्भाव को मजबूती प्रदान करते हैं।

इस प्रकार के आयोजनों से हमारी सांस्कृतिक परम्पराएं अगली पीढी को धरोहर स्वरूप प्राप्त होती है। कथा जैसे पुनीत आयोजनों के माध्यम से ही मनुष्य अपने को परमात्मा के करीब महसूस कर अपने को जीवमात्र की सेवा में अर्पित करने की प्रेरणा प्राप्त करता है।

उन्होंने कहा कि भगवान श्रीराम का जीवन चरित्र मर्यादा व जनकल्याण का आदर्श प्रस्तुत करता है। गोविंदगढ़ मोड़ स्थित अग्रवाल धर्मशाला में 9 दिवस तक आयोजित होने वाली भव्य राम कथा के माध्यम से आमजन भगवान श्रीराम के बाल स्वरूप से लेकर उनके जीवन संघर्ष, त्याग, मर्यादा व आदर्श के बारे में जानकारी प्राप्त कर भगवान श्रीराम द्वारा बताए गए जनकल्याण के मार्ग का अनुसरण करने की प्रेरणा प्राप्त कर सकेंगे।

उल्लेखनीय है कि कलश व शोभा यात्रा अग्रवाल धर्मशाला से शुरु हुई जो गोविंदगढ़ मोड होते हुए बालोत नगर, गुलाब वाटिका से मुख्य बाजार , तहसील रंगमंच, बस स्टैंड से वापस अग्रवाल धर्मशाला पहुंची। यात्रा में 1100 कलशों के साथ महिलाएं कलश यात्रा में शामिल हुई । कलश यात्रा का कस्बे के व्यापारियों व सामाजिक संगठन के कार्यकर्ताओं ने पुष्पावर्षा कर भव्य स्वागत किया। इस दौरान मनमोहक झांकिया निकाली गई।

इसके उपरान्त मंत्री शर्मा ने मूंगस्का स्थित नर्सरी में एक पेड मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को इस अभियान से जुडकर अपनी मां के नाम एक पौधा लगाकर धरती मां के प्रति अपनी कृतज्ञता प्रकट करनी चाहिए।



# बच्चों ने देखी विधानसभा, लोकतंत्र पर गर्व की अनुभूति करें : देवनानी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी की पहल पर राज्य के विभिन्न जिलों के बच्चे शैक्षणिक भ्रमण पर जयपुर आकर राजस्थान विधानसभा और राजनैतिक आख्यान संग्रहालय का अवलोकन कर ज्ञानवर्धन कर रहे हैं। डीडवाना-कुचामन जिले की कुचामन सिटी के बी. आर. खोखर मेमोरियल शिक्षण संस्थान के कक्षा 6 से 12 तक के छात्र-छात्रा और शिक्षक ने सोमवार को राजस्थान विधानसभा आये। विधानसभा जन दर्शन के तहत विधानसभा को देखा और अध्यक्ष वासुदेव देवनानी से मुलाकात की।

देवनानी ने बच्चों से परिचय लिया। उनके व्दियालय, पढाई और खेल गतिविधियों की जानकारी ली। देवनानी ने कहा कि बच्चे पढें, आगे बढ़ें और देश का नाम रोशन करें। उन्होंने बच्चों से कहा कि राष्ट्र प्रथम है। हमारे कार्यों में राष्ट्र प्रथम की भावना सदैव होनी चाहिए। देवनानी ने कहा कि लोकतंत्र पर गर्व की अनुभूति करें। विधानसभा अध्यक्ष ने इस वर्ष 18 मई से राजस्थान विधानसभा जन-दर्शन कार्यक्रम आरम्भ किया था। इस कार्यक्रम के तहत आमजन प्रातः 10 बजे से सांय 5 बजे तक विधान सभा के द्वार संख्या 7 से आधार कार्ड की फोटो प्रति जमा कराकर विधान सभा में प्रवेश कर राजनैतिक आख्यान संग्रहालय का अवलोकन कर सकते हैं। देवनानी ने बताया कि विधानसभा जन-दर्शन के तहत आमजन का विधानसभा से जुडाव को बढावा मिल रहा है। राजस्थानी शैली व विशिष्ट वास्तु कला का दिग्दर्शन कराने वाली विधान सभा की अनूठी ईमारत में देश, प्रदेश के आमजन, शोधार्थी, पर्यटक और व्दियार्थी आसानी से भ्रमण कर राज्य के राजनैतिक परिदृश्य की जानकारी का लाभ उठा रहे है। विधान सभा जन-दर्शन के तहत अभी तक 7416 लोगों ने विधान सभा के राजनैतिक आख्यान संग्रहालय का अवलोकन किया है।



# वरिष्ठ तीर्थ यात्रियों को लेकर रामेश्वरम-मदुरै तीर्थ स्थल के लिए रवाना हुई विशेष ट्रेन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बीकानेर। वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा योजना के तहत विशेष ट्रेन बीकानेर से वाया भगत की कोठी-जवाई बांध रेलवे स्टेशन से होते हुए रामेश्वरम-मदुरै तीर्थ स्थल पर यात्रियों को लेकर सोमवार को रवाना हुई। इस दौरान बीकानेर स्टेशन पर जय श्रीराम के जयकारे तीर्थ यात्रियों ने लगाए। इसे संभागीय आयुक्त वंदना सिंघवी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान सवाई सिंह, श्याम पंचारिया, देवस्थान विभाग के सहायक आयुक्त गौरव सोनी मौजूद रहे। इसमें बीकानेर और चूरू जिले के 230 यात्रियों को भेजा गया है। ट्रेन में आईआरसीटीसी ट्रेन मैनेजर किरण लांबा, बीकानेर से ट्रेन प्रभारी महावीर सिंह चौहान, सहायक ट्रेन प्रभारी, मेडिकल टीम और प्रत्येक कोच में दो अनुरक्षकों को लगाया गया है। देवस्थान विभाग के सहायक आयुक्त गौरव सोनी ने बताया कि इस विशेष ट्रेन में बीकानेर रेलवे स्टेशन पर आवश्यक व्यवस्थाएं अन्य कार्य के लिए श्वेता चौधरी, सुनीता मेहरा, महेश कुमार शर्मा, किशोर कुमार शर्मा, रितेश श्रीमाली, गोपाल आचार्य, राजेश दाधीच, अनसुइया शर्मा,अभिषेक श्रीमाली, कल्पिश शर्मा आदि द्वारा की गई।

# मोदी के नेतृत्व में राजस्थान की जल परियोजनाएं हो रही साकार : शर्मा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर,। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश हर क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है। देश में जल संचय के क्षेत्र में 'कैच द रेन' कैम्पेन प्रधानमंत्री की अनूठी पहल है। उन्होंने कहा कि यह अभियान देश में जन आंदोलन बनेगा, जिससे जन भागीदारी बढ़ेगी और जल संचय होगा। शर्मा गुजरात के सूरत में जल संचय-जन भागीदारी-जन आंदोलन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राजस्थान की जल आवश्यकता को समझते हुए वर्ष 2003 में गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में प्रदेश को नर्मदा का पानी उपलब्ध करवाया।

प्रधानमंत्री के नेतृत्व में ही राजस्थान और मध्यप्रदेश के मध्य ईआरसीपी परियोजना का एमओयू तथा हरियाणा और राजस्थान के बीच यमुना जल समझौता हुआ। देवास परियोजना के तहत उदयपुर में जल उपलब्धता सुनिश्चित की जा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राजस्थान में जल हमेशा से एक अनमोल संसाधन रहा है, इसलिए राजस्थान में जल संरक्षण एक परंपरा है। हमारे पूर्वजों ने जल संरक्षण की आवश्यकता को गहराई से समझा और सीमित संसाधनों में भी डिग्गी, कुंड और बावड़ी बनाने का काम किया। उन्होंने कहा कि सदियों से राजस्थान में टांके, तालाब, खड़ीन, नाड़ियां, पाट और जोहड़ के माध्यम से वर्षा जल को सहजने का काम किया जा रहा है। शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वर्षा जल संचय के लिए महत्वपूर्ण अभियान चलाया है।

# समाज व बच्चों में नैतिक मूल्यों को बढ़ावा देना जरूरी : मंजू बाघमार

जयपुर/दक्षिण भारत । आमजन में पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाने और समाज में सौहार्दपूर्ण वातावरण निर्माण के उद्देश्य से पब्लिक रिलेशंस सोसाइटी आफ इंडिया (पीआरएसआई), जयपुर चैप्टर द्वारा सोमवार को मानसरोवर स्थित वैदिक पीजी महाविद्यालय में हाथ बढ़ाओ, हग करो (गले मिलो) और चरण स्पर्श विषयक फोटोग्राफी प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण समारोह और एक पेड़ मां के नाम अभियान का आयोजन किया गया। विश्व जनसंपर्क दिवस पर प्रारंभ की गई फोटो प्रतियोगिता के लिए देशभर से प्रविष्टियां आमंत्रित की गई थीं। विजेता प्रतिभागियों को महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती मंजू बाघमार और हरिदेव जोशी पत्रकारिता और जन संचार विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. सुधि राजीव ने पुरस्कार और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती मंजू बाघमार ने कहा कि वर्तमान समय में हम नैतिक मूल्यों से दूर होते जा रहे हैं। बड़ों को चरणस्पर्श करने में हमें झिझक महसूस होती है। भीड़ के बीच भी हम अपने आप को अकेला महसूस करते हैं।

उन्होंने कहा कि ऐसे परिदृश्य में जरूरतमंद के लिए हाथ बढ़ाना, गले लगाना और बड़ों का आशीर्वाद ही काम करता है। श्रीमती बाघमार ने पीआरएसआई, जयपुर चैप्टर के पदाधिकारियों को इतने अच्छे और समसामयिक विषय पर फोटोग्राफी प्रतियोगिता करने की बधाई भी दी। उन्होंने कहा कि इस तरह के विषय से हम स्वयं को, अपने समाज और बच्चों को नैतिक मूल्य की शिक्षा दे सकते हैं। भारत की विश्व गुरु की संस्कृति को आत्मसात कर सकते हैं।

हरिदेव जोशी पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर सुधि राजीव ने कहा कि सोशल मीडिया के इस दौर ने समाज को विघटित कर दिया है। सोशल मीडिया की दुनिया में फॉलोअर्स और दोस्तों की भीड़ से घिरा व्यक्ति असल जिंदगी में अकेला और दुखी है। ऐसे में किसी को गले लगाना और दोस्ती का हाथ बढ़ाना वरदान साबित होगा। उन्होंने कहा कि बड़ों के सम्मान से आशीर्वाद मिलता है। उन्होंने कहा कि इस तरह की थीम से सोच बदलेगी और भारतीय संस्कृति जीवंत होगी।



# पशुपालन मंत्री ने गौशाला विकास योजना को किया ऑनलाइन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। पशुपालन मंत्री जोराराम कुमावत ने सोमवार को निदेशालय गोपालन की गौशाला विकास योजना को विभागीय पोर्टल पर ऑनलाईन किया।

उन्होंने बताया कि योजनान्तर्गत प्रदेश की पंजीकृत गौशालाओं में 10 लाख रूपये तक के आधारभूत परिसम्मपत्ति निर्माण (गौवंश शेड, चारा भण्डार गृह, पानी खेली/टांका/टंकी, चाराठाण, गोपालक आवास गृह, तारबंदी आदि) कार्य करवाये जाते हैं। वर्तमान में योजना को ऑनलाईन किया गया है जिसके लिए योजना में पंजीकृत गौशालायें दिनांक 15 अक्टूबर से 8 नवम्बर तक नवीन आवेदन कर योजना का लाभ उठा सकेंगी।



## आर जी कर अस्पताल प्रकरण: जूनियर चिकित्सकों ने राजभवन तक निकाली रैली

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**कोलकाता/भाषा।** कोलकाता के आर जी कर चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल में एक चिकित्सक की कथित बलात्कार के बाद हत्या की त्वरित एवं पारदर्शी जांच की मांग करते हुए प्रदर्शनकारी जूनियर चिकित्सकों ने यहां रैली निकाली।

चिकित्सकों ने धर्मतला के समीप डोरिना चौराहे से यह मार्च निकाला जिसमें समाज के विभिन्न क्षेत्रों के लोग शामिल हुए। इन जूनियर चिकित्सकों ने डोरिना चौराहे पर एक मंच लगा रखा है और वहां कुछ चिकित्सक पांच अक्टूबर से उपवास पर हैं। देबाशीष हल्दर नामक एक जूनियर चिकित्सक ने कहा, ''सीबीआई ने अपने आरोपपत्र में जो यह कहा है कि इस अपराध के पीछे केवल एक व्यक्ति था, उसे हम स्वीकार नहीं कर सकते। हम आर जी कर अस्पताल में अपनी बहन के साथ किये गये बलात्कार और हत्या की त्वरित और पारदर्शी जांच की मांग करते हैं।'' उन्होंने कहा, ''हम राज्यपाल से मिलने और उनसे हस्तक्षेप करने की मांग करने के लिए राजभवन नहीं जा रहे हैं, बल्कि हम उन्हें अपना संदेश देंगे।'' उन्होंने कहा कि जूनियर चिकित्सकों द्वारा राज्यपाल कार्यालय को एक ज्ञापन सौंपे जाने की संभावना है।

# कांग्रेस झूठ की राजनीति करती है, लोग उसके धोखे से हैं परिचित : नायब सिंह सैनी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**गुवाहाटी/भाषा।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने सोमवार को कहा कि कांग्रेस झूठ की राजनीति करती है और जनता इस धोखे से वाकिफ है, इसलिए वह देशभर में उसे बाहर का रास्ता दिखा रही है।

सैनी 17 अक्टूबर को दूसरी बार मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने वाले हैं। उन्होंने यहां कामाख्या मंदिर में दर्शन किया जिसके बाद भाजपा की असम इकाई के मुख्यालय में उनका अभिनंदन किया गया।

सैनी ने कहा, '' कांग्रेस हमेशा झूठ को ढाल बनाती है। हिमाचल प्रदेश, कर्नाटक और तेलंगाना में झूठ के बल पर ही वह सत्ता में आई।'' उन्होंने कहा कि ''कांग्रेस की झूठ की राजनीति लंबे समय तक नहीं टिक सकती है। उसका छल-कपट अब जनता को स्वीकार्य नहीं है, इसलिए उसने उसे राजस्थान, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ और अब हरियाणा में बाहर का रास्ता दिखा दिया है।'' उन्होंने कहा कि लोगों ने इस पुरानी पार्टी का झूठ का नकाब उतार दिया है तथा केंद्र एवं राज्यों में उसे बाहर का रास्ता दिखा दिया है।

सैनी ने कहा कि लोग 'सिर्फ मोदी की गारंटी में यकीन करते हैं।'



किसानों के लिए भाजपा द्वारा किये गये प्रयासों का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि यहां तक कि कांग्रेस की सात पीढ़ियां भी पिछले एक दशक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार द्वारा कृषकों के लिए किये गये कामों की कल्पना नहीं कर सकती हैं।

सशस्त्र बलों के कर्मियों के कल्याण का उल्लेख करते हुए सैनी ने कहा कि हरियाणा में प्रधानमंत्री ने यह सुनिश्चित करने के लिए एक आंदोलन शुरू किया है कि हर घर से कोई न कोई व्यक्ति रक्षा सेवाओं में भर्ती हो। उन्होंने कहा, ''अग्निवीर हो या फिर सशस्त्र बलों के लिए सुविधाएं, प्रधानमंत्री द्वारा उठाए गए कदम अप्रत्याशित हैं। उन्होंने लोगों में सशस्त्र बलों के प्रति सम्मान पैदा किया है।''

सैनी ने कहा, '' खेलो इंडिया (कार्यक्रम) के तहत सरकार खिलाड़ियों को पूरा सहयोग देती है और जरूरत पड़ने पर विशेष कोचिंग और कोच की व्यवस्था भी करती है।'' उन्होंने असम की भाजपा नीत 'डबल इंजन सरकार' के कामकाज की भी तारीफ करते हुए कहा कि यह असाधारण रूप अच्छा काम कर रही है और शीघ्र ही असम देश के अग्रणी राज्यों में शामिल हो जाएगा। उन्होंने कहा, ''मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा के गतिशील नेतृत्व में असम किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं है और प्रधानमंत्री के हाथ को मजबूत कर रहा है।'' उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि भाजपा 2026 में भी असम में तीसरी बार सत्ता में आयेगी।

इससे पहले सैनी और उनकी पत्नी हरियाणा में भाजपा की जीत के बाद यहां कामख्या मंदिर गये थे। हरियाणा विधानसभा चुनाव से पहले भी सैनी ने अगस्त में पत्नी संग इस मंदिर में पूजा-अर्चना की थी।

## झारखंड चुनाव के लिए सीट बंटवारे की बातचीत 'लगभग फाइनल': हिमंत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**रांची/भाषा।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने सोमवार को कहा कि झारखंड विधानसभा चुनाव के लिए राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के सहयोगियों के बीच सीट बंटवारे की व्यवस्था ''लगभग फाइनल'' है और चुनाव की घोषणा के 48 घंटे के भीतर उम्मीदवारों की पहली सूची जारी कर दी जाएगी। झारखंड विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा के प्रभारी शर्मा पार्टी की चुनाव समिति की बैठक के बाद संवाददाताओं से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा, ''राजग के सहयोगी दलों के बीच सीट बंटवारा लगभग तय हो चुका है। जैसे ही निर्वाचन आयोग आदर्श आचार संहिता घोषित करेगा, हम 24 से 48 घंटे में अपनी पहली सूची जारी कर देंगे। हमें निर्वाचन आयोग की घोषणा का इंतजार है।''



हिमंत विश्व शर्मा ने कहा कि सीट बंटवारे पर बनी सहमति के अनुसार सुदेश महतो के नेतृत्व वाली आजसू पार्टी 9-11 सीटों पर चुनाव लड़ेगी। उन्होंने कहा, ''आजसू पार्टी के साथ सीट बंटवारे पर बातचीत लगभग फाइनल है। एक सीट को लेकर कुछ दिक्कत है। हम मंगलवार तक उसका समाधान कर लेंगे।''

उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार की जनता दल (यूनाइटेड) दो विधानसभा सीट पर चुनाव लड़ेगी, वहीं लोक जनशक्ति पार्टी (राम विलास) के साथ सीट बंटवारे पर बातचीत पार्टी अध्यक्ष चिराग पासवान के विदेश से लौटने के बाद बुधवार या बृहस्पतिवार को होगी।

भाजपा नेता ने कहा कि पांच या छह सीट को छोड़कर लगभग सभी सीट के लिए उम्मीदवारों के नामों को अंतिम रूप दिया जा चुका है। उन्होंने कहा कि बचे हुए नामों पर भी फैसला जल्द ले लिया जाएगा।

शर्मा ने कहा, ''चुनाव समिति कल एक बार फिर बैठक करेगी, जिसके बाद पार्टी के संसदीय बोर्ड की बैठक होगी।''

झारखंड की 81 सदस्यीय विधानसभा के लिए चुनाव इस साल संपन्न होने हैं। मौजूदा विधानसभा का कार्यकाल पांच जनवरी, 2025 को समाप्त होगा।



## झारखंड : मुख्यमंत्री सोरेन ने 498 सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों को नियुक्ति पत्र सौंपा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**रांची/भाषा।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सोमवार को 498 सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों को नियुक्ति पत्र सौंपे। ये नियुक्तियां अनुबंध के आधार पर की गई हैं।

मुख्यमंत्री ने यहां 'प्रोजेक्ट बिल्डिंग' में आयोजित कार्यक्रम में लोगों को संबोधित करते हुए कहा, ''यह एक ऐतिहासिक अवसर है जब 498 सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों को नियुक्त किया जा रहा है और मैं उम्मीद करता हूं कि वे लोगों को गुणवत्तापूर्ण सेवा प्रदान करेंगे।'' उन्होंने स्वास्थ्य अधिकारी के तौर पर नियुक्त किए गए पांच कर्मियों - अनिता महतो, अंकिता उपाध्याय, संतोषी रजक, सिलवंती सोरेन और मोहम्मद रबीउल इस्लाम को प्रतीकात्मक नियुक्ति पत्र सौंपे।

इससे पूर्व मुख्यमंत्री ने डिजिटल माध्यम से मुंबई में झारखंड भवन की आधारशिला रखी। आधिकारिक बयान के अनुसार, झारखंड भवन का निर्माण नवी मुंबई में किया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने दामोदर घाटी निगम (डीवीसी) पर निर्भर क्षेत्र के लोगों को निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए 230/33 किलोवाट क्षमता के पकरी-बरवाडीह सबस्टेशन की आधारशिला भी रखी।

## 'भूदान' से जुड़ी कांग्रेस चला रही है 'भू हड़प आंदोलन': भाजपा का आरोप



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने सोमवार को आरोप लगाया कि कांग्रेस का समूचा शीर्ष नेतृत्व भूमि सौदों से जुड़े भ्रष्टाचार में लिप्त है और इन मामलों में पोल खुलने के बाद उसे नैतिक आधार पर इस्तीफा दे देना चाहिए।

भाजपा की ओर से कांग्रेस पर यह हमला ऐसे समय किया गया है जब कर्नाटक में सिद्धार्थ विहार ट्रस्ट के अध्यक्ष राहुल एम. खरगे ने 'बहु-कौशल विकास केंद्र, प्रशिक्षण संस्थान एवं अनुसंधान केंद्र' स्थापित करने के लिए बेंगलूरु में पांच एकड़ जमीन के आवंटन के अपने अनुरोध को रविवार को वापस ले लिया। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के बेटे राहुल खरगे का यह कदम सिद्धरमैया की पत्नी पार्वती द्वारा मैसूरु शहरी विकास प्राधिकरण को 14 भूखंड वापस लौटाने के बाद आया है। लोकायुक्त पुलिस ने इस मामले को लेकर सिद्धरमैया, उनकी पत्नी और एक रिश्तेदार के खिलाफ मामला दर्ज किया था। भाजपा मुख्यालय में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए भाजपा प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि ये फैसले नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक (सीएजी) की प्रतिकूल रिपोर्ट और कानूनी कार्यवाही के कारण लिए गए हैं और एक तरह से यह उसके नेताओं की स्वीकारोक्ति है कि भू आवंटन गलत था। उन्होंने दावा किया कि कानूनी कार्यवाही के दौरान होने वाली 'जलालत' से बचने के लिए ऐसा किया गया। त्रिवेदी ने सिद्धरमैया समेत कांग्रेस के कई नेताओं पर कथित जमीन घोटालों का आरोप लगाया और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी से पूछा कि उनकी 'मोहब्बत की दुकान' अब 'अवैध प्रॉपर्टी डीलर की दुकान' में कैसे तब्दील हो गई?

## कोटा-इटावा एक्सप्रेस से युवती का अपहरण, पांच घंटे तक बंधक बनाकर सामूहिक दुष्कर्म

**इटावा (उप्र)/भाषा।** कोटा-इटावा एक्सप्रेस में सवार तीन युवकों ने 22 वर्षीय एक युवती को कथित तौर पर अगवा कर उसे पांच घंटे तक बंधक बनाए रखा और उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म किया। युवती के पिता की ओर से रविवार को दर्ज कराई गई शिकायत के मुताबिक, यह वारदात 12 अक्टूबर को हुई, जब युवती मध्य प्रदेश के भिंड में अपने मामा के घर से लौट रही थी। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि आरोपियों ने युवती को नशीला पदार्थ खिलाकर उसे बेहोश किया और फिर उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म किया।

पुलिस अधीक्षक (इटावा ग्रामीण) सत्यपाल सिंह ने बताया कि युवती मध्य प्रदेश के भिंड जिले के सोनी रेलवे स्टेशन से उत्तर प्रदेश के इटावा आने के लिए कोटा-इटावा एक्सप्रेस में सवार हुई थी। ट्रेन में एक अज्ञात युवक युवती का वीडियो बनाने लगा, जिसका उसने विरोध किया और डिब्बा बदल लिया। युवक संदिग्ध लग रहा था, इसलिए युवती ने उसकी फोटो खींच ली। सिंह ने शिकायत के हवाले से बताया कि युवती के डिब्बा बदलने पर वह युवक भी वहां पहुंच गया और उसे बेहोश कर उसका अपहरण कर लिया।

## भारत वैश्विक स्वास्थ्य सुरक्षा में योगदान देने के लिए प्रतिबद्ध : नड्डा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे.पी. नड्डा ने सोमवार को कहा कि स्थायी स्वास्थ्य समाधान तैयार करने के लिए सीमाओं, क्षेत्रों और विषयों से परे सहयोग आवश्यक है। उन्होंने वैश्विक गुणवत्ता मानकों का पालन करते हुए फार्मा उत्पादों की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए भारत की प्रतिबद्धता को भी रेखांकित किया।

केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन (सीडीएससीओ) द्वारा आयोजित औषधि नियामक प्राधिकरणों के 19वें अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए नड्डा ने कहा कि यह मंच 120 से अधिक देशों के विशेषज्ञों और दिग्गजों को एक साथ लाता है तथा वैश्विक स्वास्थ्य देखभाल मानकों को बढ़ावा देने और सार्वजनिक स्वास्थ्य की सुरक्षा के लिए भारत की साझा प्रतिबद्धता को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि भारत न केवल स्वास्थ्य नवाचार में वैश्विक स्तर पर उभरा है, बल्कि उसने कोविड-19 महामारी के दौरान ''विश्व की फार्मेसी'' के रूप में अपनी भूमिका की भी पुष्टि की है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि भारत ने तेजी से अपने स्वास्थ्य सेवा बुनियादी ढांचे का विस्तार किया है और घरेलू एवं वैश्विक दोनों मांगों को पूरा करने के लिए अपने टीका उत्पादन को बढ़ाया है। नड्डा ने कहा, ''एक अरब से अधिक लोगों को कोविड-19 टीकाकरण के दायरे में लाने के कार्यक्रम का सफल क्रियान्वयन, हमारी स्वास्थ्य सेवा प्रणाली की मजबूती और हमारे स्वास्थ्य कर्मियों के समर्पण तथा हमारी नीतियों की सुदृढ़ता का प्रमाण है।'' उन्होंने कहा कि 'विश्व की फार्मेसी' के रूप में भारत ने विश्व भर के देशों के लिए आवश्यक दवाओं, टीकों और चिकित्सा आपूर्ति तक किफायती पहुंच सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।



## झारखंड: धनशोधन मामले में ईडी ने आईएएस अधिकारी, मंत्री के सहयोगियों के परिसरों पर छापेमारी की

**रांची/भाषा।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने सोमवार को चुनावी राज्य झारखंड के जल और स्वच्छता विभाग में कथित अनियमितताओं से संबंधित करोड़ों रुपए की धनशोधन जांच के तहत एक वरिष्ठ आईएएस अधिकारी, एक कैबिनेट मंत्री से जुड़े व्यक्तियों और कुछ अन्य लोगों के परिसरों पर छापेमारी की। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। सूत्रों ने पहले कहा था कि छापेमारी केंद्र सरकार की योजना जल जीवन मिशन से जुड़ी है। उन्होंने कहा कि जल और स्वच्छता विभाग द्वारा आवंटित कार्यों में 10 प्रतिशत की दर से कथित अवैध कमीशन का भुगतान हुआ और यह रिश्वत सत्ता में बैठे नेताओं, नौकरशाहों तथा विभाग के अधिकारियों के बीच साझा की गई। संघीय एजेंसी के अधिकारियों द्वारा राज्य की राजधानी रांची और पश्चिमी सिंहभूम जिले के चाईबासा में कुल 23 परिसरों की तलाशी ली गई। सूत्रों ने कहा कि ईडी की टीम को केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल द्वारा सुरक्षा कवर प्रदान किया गया। सूत्रों ने कहा कि सचिव रैंक के आईएएस अधिकारी मनीष रंजन, पेयजल और स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के निजी कर्मचारी हरेंद्र सिंह, ठाकुर के भाई विनय ठाकुर, कुछ सरकारी अधिकारियों, ठेकेदारों और व्यवसायियों से जुड़े परिसरों की एजेंसी ने तलाशी ली।

## मसौदा विधेयक में खेल निकायों में महिलाओं को अधिक प्रतिनिधित्व: मांडविया



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** सरकार द्वारा हाल ही में तैयार किये गये राष्ट्रीय खेल विधेयक के मसौदे में लैंगिक समानता को सुनिश्चित करने के लिए भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए), भारतीय पैरालंपिक समिति (पीसीआई) और सभी राष्ट्रीय महासंघों में 30 प्रतिशत महिलाओं के प्रतिनिधित्व का प्रावधान किया गया है। खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने सोमवार को यह जानकारी दी।

मांडविया के अनुसार मसौदा विधेयक में यह भी प्रावधान है कि आईओए, पीसीआई और राष्ट्रीय खेल महासंघों (एनएसएफ) की आम सभा में मतदान करने वाले सदस्यों में से 10 प्रतिशत उत्कृष्ट योग्यता वाले खिलाड़ी होंगे।

विधेयक का मसौदा 10 अक्टूबर को प्रसारित किया गया था, जिसमें पूर्व विधायी परामर्श प्रक्रिया के तहत आम जनता और हितधारकों से टिप्पणियां/सुझाव आमंत्रित किए गए थे। मांडविया ने कहा कि मसौदा विधेयक का उद्देश्य भारत के उभरते खेल परिदृश्य के अनुरूप मौजूदा ढांचे का 'आधुनिकीकरण और अपडेट' करना है।

## जम्मू कश्मीर के एक गांव में भीषण आग लगने से दर्जनों मकान जल कर खाक

**किश्तवाड़/जम्मू/भाषा।** जम्मू कश्मीर के किश्तवाड़ जिले के एक सुदूर गांव में सोमवार को भीषण आग लगने से तीन दर्जन से अधिक मकान जलकर खाक हो गये। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ। उन्होंने बताया कि घनी आबादी वाले मुलवरवान गांव में दोपहर करीब पौने तीन बजे एक घर में रखे भूसे में आग लग गई और यह आग आस-पास के घरों में भी फैल गई, ज्यादातर मकान लकड़ी से बने थे। उनके अनुसार जिस घर में पहले आग लगी, उसके मालिक ने सर्दियों में मवेशियों को खिलाने के लिए भूसा जमा किया था। पांच दमकल गाड़ियां वरवान तहसील के इस गांव में भेजी गयीं लेकिन वे मौके पर पहुंच नहीं पायीं। उन्होंने बताया कि पुलिसकर्मी एवं स्थानीय लोग तेजी से फैल रहे इस आग पर काबू पाने की कोशिश कर रहे हैं।

## गंभीर ने कहा, जितना जोखिम, उतना फायदा, बल्लेबाजों पर नहीं लगाएंगे लगाम

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**बेंगलूरु/भाषा।** भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने सोमवार को यह स्पष्ट किया कि वह टेस्ट क्रिकेट में अपने बल्लेबाजों पर लगाम नहीं लगाएंगे क्योंकि जितना अधिक जोखिम लिया जाएगा उतना ही फायदा भी होगा। भारत ने हाल में बारिश से प्रभावित कानपुर टेस्ट मैच में बांग्लादेश के खिलाफ इसी तरह का रवैया अपनाया था। इस मैच में बारिश के कारण दो दिन एक भी गेंद नहीं फेंकी जा सकी थी लेकिन भारत ने आखिर में सात विकेट से जीत दर्ज की थी।

गंभीर ने न्यूजीलैंड के खिलाफ बुधवार से शुरू होने वाले तीन टेस्ट मैच की श्रृंखला से पूर्व संवाददाताओं से कहा, ''हमें उन पर लगाम लगाने की क्या जरूरत है। अगर वह नैसर्गिक क्रिकेट खेल सकते हैं, अगर वह एक दिन में 400 से 500 रन बना सकते हैं तो इसमें क्या गलत है। हम 'जितना अधिक जोखिम उतना फायदा, जितना जोखिम उतनी असफलता की संभावना' का रवैया जारी रखेंगे।'' उन्होंने कहा, ''कोई ऐसा दिन भी होगा जब हमारी टीम 100 रन पर आउट हो जाए लेकिन हमें इसे स्वीकार करना होगा। हम अपने खिलाड़ियों का जोखिम से भरी क्रिकेट खेलने के लिए समर्थन जारी रखेंगे। हम इसी तरह से आगे बढ़ना चाहते हैं तथा कैसी भी परिस्थिति हो परिणाम हासिल करना चाहते हैं।'' गंभीर ने हालांकि तुरंत ही कहा की परिस्थितियों से सामंजस्य बिठाना उनकी टीम के लिए आगे भी महत्वपूर्ण बना रहेगा। उन्होंने कहा, ''मैंने चेन्नई में कहा था कि हम एक ऐसी टीम चाहते हैं जो एक दिन में 400 रन बनाए तथा दो दिन तक बल्लेबाजी करके मैच ड्रॉ करा सके। इसे ही आगे बढ़ना कहा जाता है। इसे परिस्थितियों से सामंजस्य बिठाना कहा जाता है। यही टेस्ट क्रिकेट है। अगर आप हमेशा एक ही ढर्रे पर बने रहते हैं तो फिर आगे नहीं बढ़ सकते।''



### कोहली में है रनों की भूख, हर मैच के बाद आकलन सही नहीं : गंभीर

**बेंगलूरु/भाषा।** भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर पिछले कुछ अर्से में विराट कोहली के खराब फॉर्म से चिंतित नहीं है और उन्होंने कहा है कि इस स्टार बल्लेबाज में रनों की उतनी ही भूख है जितनी पदार्पण के समय थी लिहाजा हर मैच के बाद आकलन करना सही नहीं है ।

कोहली ने पिछली आठ पारियों में सिर्फ एक अर्धशतक ( सेंचुरियन में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 2023 में 76 रन ) लगाया । न्यूजीलैंड के खिलाफ बुधवार से शुरू हो रही तीन मैचों की टेस्ट श्रृंखला से पहले उनका फॉर्म में लौटना जरूरी है चूंकि इसके बाद भारतीय टीम को पांच टेस्ट के दौरे के लिए आस्ट्रेलिया जाना है । गंभीर ने कहा ,'' विराट को लेकर मेरी सोच एकदम स्पष्ट है कि वह विश्व स्तरीय क्रिकेटर है ।उसने इतने साल से इतना अच्छा प्रदर्शन किया है । रनों को लेकर उसकी भूख वैसी ही है जैसी पदार्पण के समय थी ।'' उन्होंने कहा ,'' यही भूख उसे विश्व स्तरीय क्रिकेटर बनाती है । मुझे यकीन है कि वह इस श्रृंखला और आस्ट्रेलिया में भी रन बनायेगा । '' गंभीर ने कहा कि किसी खिलाड़ी का आकलन खराब मैच या श्रृंखला के आधार पर नहीं किया जाना चाहिये।

## न्यूजीलैंड के लिए जरूरी है अश्विन, जडेजा के खिलाफ बेहतरीन बल्लेबाजी : रचिन रविंद्र

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**बेंगलूरु/भाषा।** न्यूजीलैंड के शीर्ष क्रम के बल्लेबाज रचिन रविंद्र ने सोमवार को कहा कि अनुभवी स्पिनर रविचंद्रन अश्विन और रविंद्र जडेजा के दोहरे खतरे से निपटना भारत के खिलाफ तीन मैचों की श्रृंखला में उनकी टीम की सफलता के लिए महत्वपूर्ण होगा।



अश्विन और जडेजा ने टेस्ट में मिलकर 800 से अधिक विकेट हासिल किए हैं। यह दोनों वर्तमान में विश्व क्रिकेट में सबसे अनुभवी गेंदबाजी जोड़ियों में से एक हैं। रचिन ने कहा, '' वे लंबे समय तक एक क्षेत्र में गेंदबाजी करने की क्षमता रखते हैं। मेरा मतलब है आप दो स्पिनरों को देखते हैं जो लगातार खेलते हैं। अश्विन और जडेजा दोनों कुशल गेंदबाज हैं। आप जानते हैं कि वे बल्लेबाजी भी कर सकते हैं जिससे प्रतिद्वंद्वी टीम के लिए परिस्थितियां थोड़ी कठिन हो जाती है।'' उन्होंने कहा, '' वे निरंतर अच्छी गेंदबाजी करते हैं। खासकर दुनिया के इस हिस्से में उनके खिलाफ अच्छा संघर्ष होगा। हम जानते हैं कि भारत घरेलू परिस्थितियों में अपनी बल्लेबाजी व गेंदबाजी की गुणवत्ता में कितना अच्छा है। इससे पता चलता है कि किसी टीम के लिए यहां आकर जीतना कितना कठिन है। यह मुश्किल होगा।'' रचिन को हालांकि भारत में पिछले अनुभव के दम पर आगामी टेस्ट श्रृंखला में बेहतर प्रदर्शन का भरोसा है।

## सुविचार

**दुनिया की हर चीज ठोकर लगने से टूट जाती है, एक कामयाबी ही है जो ठोकर लगने के बाद आती है!**

## दक्षिण भारत राष्ट्रमत

# ओटीटी को मर्यादित करें

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत ने ओटीटी मंच के संबंध में जो चिंता जाहिर की है, वह एक गंभीर मुद्दा है। इस पर परोसी जा रही सामग्री का भलीभांति विनियमन होना ही चाहिए, अन्यथा इससे गंभीर सामाजिक समस्याएं पैदा हो सकती हैं। ऐसा नहीं है कि ओटीटी के आने से पहले समाज में सबकुछ अच्छा ही था। समस्याएं तब भी थीं, लेकिन ओटीटी ने तो हद ही पार कर दी। यह कहने को तो कलाकारों को अभिव्यक्ति की भरपूर आजादी दे रहा है। यहां बहुत संभावनाएं हैं। भविष्य में इसके विस्तार की काफी गुंजाइश है। इसके साथ हमें यह देखना होगा कि जो कुछ इस पर पेश किया जा रहा है, उसका स्तर कैसा है? एक वेब सीरीज, जिसकी कहानी खुफिया एजेंसी में कार्यरत अधिकारी के इर्दगिर्द घूमती है, में उसके पारिवारिक जीवन को दिखाया गया है। वेब सीरीज में उस अधिकारी के छोटे-छोटे बच्चे अभद्र शब्द बोलते नजर आते हैं। उस सीरीज में यह भी दिखाने की कोशिश होती है कि खुफिया एजेंसियों में कार्यरत अधिकारी देश के दुश्मनों का बहादुरी से सामना करते हैं तथा उन्हें दैनिक जीवन में कई समस्याओं, तनावों से भी जूझना पड़ता है। बेशक ऐसा होता है, लेकिन यह कहां तक उचित है कि सीरीज में बच्चों को अभद्र शब्द बोलते दिखाया जाए? सवाल तो यह है कि किसी को भी ऐसा बोलते क्यों दिखाया जाए? क्या लोकप्रियता हासिल करने का यही एक तरीका बचा है? देशवासियों के मन में सेना और खुफिया एजेंसियों के प्रति बहुत सम्मान की भावना होती है। अगर कोई व्यक्ति यह सोचकर परिवार के साथ उस सीरीज को देखने बैठ जाए कि इससे देशप्रेम की भावना मजबूत होगी तो उसे बहुत धक्का लगेगा।

यह मामला किसी एक वेब सीरीज के साथ नहीं जुड़ा है, बल्कि अब तो ऐसी सामग्री की बौछार हो चुकी है। चूंकि बच्चे भी अपना मनपसंद कार्यक्रम देखना चाहते हैं। जब वे कोई सामग्री ढूंढ़ते हैं तो इस बात की काफी आशंका होती है कि उसका स्तर उनके अनुकूल न हो। कई घरों में मां-बाप कामकाजी होते हैं। वहां बच्चे दोपहर को स्कूल से आने के बाद ओटीटी मंच को खंगालते हैं। उस दौरान उन्हें यह बताने वाला कोई नहीं होता कि यहां बहुत-सी चीजें आपके लिए ठीक नहीं हैं। इन सीरीजों में अमर्यादित दृश्यों के साथ हिंसक दृश्यों की भी भरमार देखने को मिलती है। उनके ऐसे संवाद लोगों की जुबान पर चढ़ रहे हैं, जिनमें अश्लीलता भरी हुई है। स्कूलों-कॉलेजों के कई बच्चे आपसी बातचीत में उन्हें दोहराते हैं। उन्हें सोशल मीडिया पर शेयर किया जाता है, गोया यह कोई बहादुरी का काम हो! ऐसी सामग्री देखने से बच्चों का ज़ेहन कैसा होगा? प्राय: यह तर्क दिया जाता है कि ओटीटी तो वही दिखा रहा है, जो समाज में हो रहा है। वास्तव में यह कुतर्क है। सिनेमा, साहित्य, मीडिया और इस तरह के अन्य माध्यमों की जिम्मेदारी इतनेभर से खत्म नहीं हो जाती कि जो हो रहा है, वह दिखा दिया। उन्हें समाज को सही दिशा भी दिखानी होती है। अगर कोई माध्यम कोरी नकारात्मकता को लाकर लोगों के सामने परोसता रहे तो वह खुद उसमें भागीदार हो जाता है। समाज में चोरी, रिश्वतखोरी, हत्या, धोखाधड़ी आदि को बुरा क्यों समझा जाता है? इसलिए कि ये कृत्य सभ्य समाज के लिए खतरनाक हैं। ये नैतिकता के विरुद्ध हैं। हमें बचपन से सिखाया जाता है कि ये बुरे काम हैं। अगर किसी देश में बुराई का महिमा-मंडन हो, बुरे काम करने वाले को हीरो की तरह पेश किया जाए तो क्या वहां सभ्य समाज का अस्तित्व हो सकता है? बिल्कुल नहीं, क्योंकि बच्चों को जो सिखाया जाता है, जो दिखाया जाता है, वे उसे ग्रहण करते हैं और एक दिन वैसा ही बनने की कोशिश करते हैं। इसलिए ओटीटी जैसे माध्यमों को मर्यादित करना जरूरी है। वहां आपत्तिजनक व अभद्र सामग्री पेश करने की छूट बिल्कुल नहीं होनी चाहिए।

## ट्वीटर टॉक



गदर पार्टी के संस्थापक सदस्य, महान स्वाधीनता सेनानी लाला हरदयाल की जयंती पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि! उनकी क्रांतिकारी सोच ने देशभक्ति की ज्योति प्रज्वलित कर आम जनमानस को स्वाधीनता संग्राम के लिए प्रेरित किया था।

**-योगी आदित्यनाथ**



कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे जी ने परिवार द्वारा संचालित ट्रस्ट पर आक्षेप लगने के बाद आवंटित भूमि को लौटाने का जो निर्णय लिया है, वह स्पष्ट रूप से प्रमाणित करता है कि सत्ता का दुरुपयोग करके भूमि को हड़पने का कार्य कर्नाटक में सर्वोच्च रूप से हो रहा था।

**-सुधांशु त्रिवेदी**



राज्य सभा से पूर्व सांसद श्री ज्ञान प्रकाश पिलानिया जी के निधन का समाचार जानकर दु:ख हुआ। शोक की इस घड़ी में मेरी संवेदनाएं पिलानिया परिवार के साथ है। ईश्वर दिवंगत आत्मा को अपने चरणों में स्थान दें, तथा शोक संतप्त परिजनों व प्रशंसकों को संबल प्रदान करें।

**-ओम बिरला**

## प्रेरक प्रसंग

# भक्ति द्वारा दुर्व्यसनों से मुक्ति

दक्षिण भारत की महिला संत औवैयार बचपन में ही अनाथ हो गई थीं। एक सदगृहस्थ संत ने, उनका पालन-पोषण किया। अपने धर्मपिता के भक्ति गीतों ने औवैयार को भगवत भक्ति की प्रेरणा दी। दस वर्ष की आयु होते ही वे भी भक्ति गीतों की रचना करने लगीं। अपने इष्ट देवता विघ्नेश्वर की पूजा-उपासना में लीन रहतीं। कठोर तप और साधना के बल पर उन्हें अलौकिक सिद्धि प्राप्त हुई। वे बीमार लोगों को जड़ी-बूटियों से निर्मित औषधि देतीं और सात्विक जीवन जीकर निरोगी बनने की प्रेरणा देतीं। लोगों को सदाचार का उपदेश देतीं। एक बार वे किसी गृहस्थ के द्वार पर भिक्षा मांगने पहुंचीं। उन्होंने देखा कि पति-पत्नी एक-दूसरे को कटु वचन कह रहे हैं। गृहस्वामी उन्हें पहचान गया और उनसे भोजन ग्रहण करने की प्रार्थना करने लगा। संत ने कहा, 'तुम दोनों भविष्य में न लड़ने का संकल्प लो और प्रेम से रहना सीखो, मैं तभी भोजन करूंगी। क्रोध में आकर अपशब्द कह देने वाले का भोजन मेरी बुद्धि को भ्रष्ट कर देगा।' दोनों ने उनके चरणों में गिरकर क्रोध त्यागने का संकल्प लिया। संत औवैयार ने असंख्य व्यक्तियों को दुर्व्यसनों से मुक्त कराकर धर्म के मार्ग पर चलाया।

## सामयिक

# कब भुखमरी एवं भूखे लोगों की दुनिया से निजात मिलेगी?

ललित गर्ग
मोबाइल : 9811051133

विश्व खाद्य दिवस 16 अक्टूबर को दुनिया भर में हर साल मनाया जाने वाला एक अंतरराष्ट्रीय दिवस है। 1945 में संयुक्त राष्ट्र खाद्य और कृषि संगठन की स्थापना उपलक्ष्य में यह दिवस भूख और खाद्य सुरक्षा से संबंधित कई अन्य संगठनों द्वारा व्यापक रूप से मनाया जाता है, जिसमें विश्व खाद्य कार्यक्रम, विश्व स्वास्थ्य संगठन और कृषि विकास के लिए अंतर्राष्ट्रीय कोष शामिल हैं। डब्ल्यूएफपी को भूख से लड़ने, संघर्ष क्षेत्रों में शांति में योगदान देने और युद्ध और संघर्ष के लिए हथियार के रूप में भूख के इस्तेमाल को रोकने में अग्रणी भूमिका निभाने के लिए 2020 का शांति का नोबेल पुरस्कार मिला। साल 2024 की थीम है बेहतर जीवन और बेहतर भविष्य के लिए भोजन का अधिकार।' आज भारत एवं अन्य देशों में भोजन की बर्बादा को रोकना भी प्रमुख प्राथमिकता बननी चाहिए। भारत सरकार भी हर व्यक्ति तक भोजन की पहुँच और विशेष रूप से कमज़ोर वर्ग के लिए 'प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना' व अंत्योदय अन्न योजना जैसे कार्यक्रम चलाती है।

विश्व की करीब दो अरब तीस करोड़ आबादी को भूखमरी एवं भूख का सामना करना पड़ रहा है। दो वक्त की भोजन सामग्री जुटाने के लिए इस आबादी को जिन मुश्किलों, संकटों एवं त्रासद स्थितियों का सामना करना पड़ रहा है, वह विश्व की सरकारों एवं व्यवस्थाओं के विकास के बयानों को बेमानी सिद्ध करता है। संयुक्त राष्ट्र की इस रिपोर्ट के मुताबिक, कोरोना महामारी और उसके बाद रूस-यूक्रेन युद्ध ने भूखमरी को विकट बनाने में अहम भूमिका निभाई है। इस रिपोर्ट में कहा गया है कि दुनिया 2030 तक सभी रूपों में भूख, खाद्य असुरक्षा, स्वास्थ्य और कुपोषण को खत्म करने के अपने लक्ष्य से और दूर जा रही है। लेकिन भारत-सरकार के प्रयासों से भारत में कुपोषण एवं भूखमरी से उबरने की सफल कोशिशें हो रही है। भारत की टिकाऊ और स्वस्थ खाने की आदतों की दिशा में प्रगति स्पष्ट है। खेत से लेकर मेज तक का आंदोलन जोर पकड़ रहा है, जो उपभोक्ताओं को ताजा, स्थानीय रूप से प्राप्त उपज से जोड़ रहा है। खाद्य उद्यमियों की सफलता की कहानियाँ लचीलापन और नवाचार को दर्शाती हैं, जो एक जीवंत खाद्य परिदृश्य में योगदान देती हैं। अत्याधुनिक खाद्य प्रौद्योगिकी नवाचारों के साथ, भारतीय खाद्य उद्योग विकसित हो रहा है, जिससे दक्षता और कम बर्बादी सुनिश्चित हो रही है।

कुपोषण और भुखमरी से जुड़ी वैश्विक रिपोर्टें न केवल चौंकाने बल्कि सरकारों की नाकामी को उजागर करने वाली ही होती हैं। विश्वभर की शासन-व्यवस्थाओं का नाकामी एवं शैतानों की शरणस्थली बनना एक शर्मनाक विवशता है। लेकिन इस विवशता को कब तक ढोते रहेंगे और कब तक दुनिया भर में कुपोषितों का आंकड़ा बढ़ता रहेगा, यह गंभीर एवं चिन्ताजनक स्थिति है। लेकिन ज्यादा चिंताजनक यह है कि तमाम कोशिशों और दावों के बावजूद कुपोषितों और भुखमरी का सामना करने वालों का आंकड़ा पिछली बार के मुकाबले हर बार बढ़ा हुआ ही निकलता है। रिपोर्टें बताती हैं कि ऐसी गंभीर समस्याओं से लड़ते हुए हम कहां से कहां पहुंचे है। इसी में एक बड़ा सवाल यह भी निकलता है कि जिन लक्ष्यों को लेकर दुनिया के देश सामूहिक तौर पर या अपने प्रयासों के दावे करते रहे, उनकी कामयाबी कितनी नगण्य एवं निराशाजनक है। कुपोषण, गरीबी, भूख में सीधा रिश्ता है। यह दो-चार देशों ही नहीं, बल्कि दुनिया के बहुत बड़े भूभागों के लिए चुनौती बनी हुई है। दुनिया से लगभग आधी आबादी इन समस्याओं से जूझ रही है। इसलिए यह सवाल तो उठता ही रहेगा कि इन समस्याओं से जूझने वाले देश आखिर क्यों नहीं इनसे निपट पा रहे हैं? इसका एक बड़ा कारण आबादी का बढ़ना भी है। गरीब के संतान ज्यादा पैदा होती है क्योंकि कुपोषण में आबादी ज्यादा बढ़ती है। विकसित राष्ट्रों में आबादी की बढ़त का अनुपात कम है, अविकसित और निर्धन राष्ट्रों की आबादी की बढ़त का अनुपात ज्यादा है। भुखमरी पर स्टैंडिंग टुगेदर फॉर न्यूट्रीशन कंसोर्टियम ने आर्थिक और पोषण डाटा इकट्ठा किया, इस शोध का नेतृत्व करने वाले सासकिया ओसनदार्प अनुमान लगाते हैं कि जो महिलाएं अभी गर्भवती हैं वो ऐसे बच्चों को जन्म देंगी जो जन्म के पहले से ही कुपोषित हैं और ये बच्चे शुरू से ही कुपोषण के शिकार रहेंगे। एक पूरी पीढ़ी दांव पर है। अफ्रीकी देशों से आने वाली तस्वीरें डराती हैं। खाने के एक-एक पैकेट के लिए हजारों की भीड़ उमड़ पड़ती है। ऐसे में पौष्टिक भोजन की तो कल्पना भी नहीं की जा सकती। महंगाई के कारण मध्य और निम्न वर्ग के लोग अपने खान-पान के खर्च में भारी कटौती के लिए मजबूर होते हैं। ऐसे में एक स्वस्थ व्यक्ति के लिए निर्धारित मानकों वाले खाद्य पदार्थ उनकी पहुंच से दूर हो जाते हैं। पौष्टिक भोजन के अभाव में लोग गंभीर बीमारियों की जद में आने लगते हैं।

गरीब मुल्कों की मदद के लिए विश्व खाद्य कार्यक्रम को तेज करने की जरूरत है। विकासशील देशों को ऐसी नीतियां बनानी होंगी जो गरीबी, कुपोषण एवं भुखमरी दूर कर सकें। सत्ताएं ठान लें तो हर नागरिक को पौष्टिक भोजन देना मुश्किल भी नहीं है। लेकिन इसकी सबसे बड़ी बाधा शासन-व्यवस्थाओं में बढ़ता भ्रष्टाचार है। गलत जब गलत न लगे तो यह मानना चाहिए कि बीमारी गंभीर है। बीमार व्यवस्था से स्वस्थ शासन की उम्मीद कैसे संभव है? संयुक्त राष्ट्र की ताजा वैश्विक खाद्य सुरक्षा रिपोर्ट में दुनिया में भुखमरी की स्थिति पहले के मुकाबले ज्यादा विकराल होने की स्थितियां तमाम विकास की तस्वीरों पर एक बदनुमा दाग है। दुनिया में उभरती आर्थिक महाशक्तियों, व्यवस्थाओं एवं विकास के बीच भूखे लोगों की तादाद में इजाफा होना दुनिया के विकास एवं संतुलित समाज की संरचना पर एक गंभीर प्रश्न है। कहीं-ना-कहीं दुनिया के विकास मॉडल में खामी है या वर्तमान सरकारों की कथनी और करनी में फर्क है। ऐसा लगता है कि विकास के लुभावने स्वरूप को कामयाबी माना जाने लगा है, लेकिन इसके बुनियादी पहलुओं को केंद्र में रखकर जरूरी कदम नहीं उठाए गए या उन पर अमल नहीं किया गया, तभी भूखमरी एवं भूखे लोगों की विडम्बनापूर्ण स्थितियां सुरसा की भांति बढ़ती ही जा रही है। यह कैसी संवेदनहीनता एवं उपेक्षापूर्ण मानसिकता है कि भूखमरी एवं कुपोषण की त्रासद एवं खौफनाक मसले पर किसी नई रिपोर्ट पर हैरानी तक नहीं होती, मगर इससे इतना जरूर पता चलता है कि विश्वभर में नीतियां बनाने और उन्हें लागू करने को लेकर कोई संतुलित रुख नहीं अपनाया जाता। यह शासन व्यवस्थाओं की नीति एवं नियत में खोट को ही दर्शाता है।

हमारी दुनिया विरोधाभासी एवं विडम्बनाओं से ग्रस्त है। एक तरफ भूखमरी तो दूसरी ओर महंगी दावतों और धनाढ्य वर्ग की विलासिताओं के अम्बार, बड़ी-बड़ी दावतों में जूठन की बहुतायत मानवीयता पर एक बदनुमा दाग है। इस तरह व्यर्थ होने वाले भोजन पर अंकुश लगाया जाए, विज्ञापन कंपनियों को भी दिशा निर्देश दिए जाएं, होटलों और शैक्षिक संस्थानों, दफ्तरों, कैंटीनों, बैठकों, शादी और अन्य समारोहों और अन्य संस्थाओं में खाना बेकार न किया जाए। इस भोजन का हम अपने समाज की बदहाली, भूखमरी और कुपोषण से छुटकारे के लिए इस्तेमाल कर सकते हैं।

सरकारों के भरोसे ही नहीं, बल्कि जन-जागृति के माध्यम से ऐसा माहौल बनाना चाहिए। आखिर में खुद से पूछना चाहिए कि क्या हम अशांत, अस्थिर, हिंसक और अस्वस्थ समाज चाहते हैं या उसे बदलना चाहते हैं? क्या हम भूखमरी एवं भूखें लोगों की दुनिया के नागरिक होना चाहते है या खुशहाल एवं साधन-सम्पन्न नागरिकों की दुनिया के नागरिक?

## मुद्दा

# लाइक-कमेंट के चक्कर में मौत की रील

डॉ. सत्यवान सौरभ
मोबाइल : 9466526148

**सोशल मीडिया के चलते बच्चों और युवाओं में सामाजिक दिखावे की प्रवृत्ति तेजी से बढ़ रही है। युवा फॉलोअर्स बढ़ाने के लिए एक-दूसरे की देखादेखी कर रहे हैं। उन्हें नहीं पता होता कि इसका नतीजा क्या होगा। उन्हें वास्तविकता का पता नहीं है। बच्चे अपने माता-पिता की बात नहीं मानते हैं। जो उम्र पढ़ने की होती है, उसमें रील बना रहे हैं।**

युवा अभी रियल और रील लाइफ जी रहा है। एक असल दुनिया है और एक आभासी दुनिया। युवा इस आभासी दुनिया यानी रील पर ज़्यादा लाइक्स के चक्कर में ख़ुद को जोखिम में डाल रहे हैं। भारत में टिकटॉक पर बैन लगने के बाद रील्स और मीस बनाने का चलन सामने आया। इसके बाद लोग इंस्टाग्राम पर वीडियो डालने लगे। रील्स में इंफॉर्मेशनल, फनी, मोटिवेशनल और डांस समेत कई तरह के वीडियो होते हैं। रील्स एक तरह का इंस्टाग्राम पर शॉर्ट वीडियो होता है। शुरुआत में यह रील्स 30 सेकंड का होता था, लेकिन अब इसे बढ़ाकर 90 सेकंड का कर दिया है। रील बनाने का युवाओं के बीच ऐसा क्रेज आजकल है कि वह कहीं भी रील बनाने लग जाते हैं। कई बार इस रीलबाजी के चक्कर में लोग अपना ही नुक़सान भी करा बैठते हैं। सोशल मीडिया पर फॉलोअर्स बढ़ाने के शगल के कारण युवा ज़िन्दगी में रील बनाने का क्रेज बढ़ता जा रहा है। कब यह शौक सनक की हद तक पहुँच जाता है, पता ही नहीं चलता। नियमों को ताक पर रखकर रील बनाने के जुनून में जान तक गंवा देते हैं। शहर में ही युवाओं को फ़ेसबुक से लेकर इंस्टाग्राम पर फॉलोअर्स बढ़ाने के लिए जान जोखिम में डालकर रेलवे ट्रैक, फ्लाई ओवर पर, चलती रेल में कोच के डिब्बे के बीच खड़े होकर या बाइक चलाते हुए रील बनाते देखा जा सकता है।

युवा अभी रियल और रील लाइफ जी रहा है। एक असल दुनिया है और एक आभासी दुनिया। युवा इस आभासी दुनिया यानी रील पर ज़्यादा लाइक्स के चक्कर में ख़ुद को जोखिम में डाल रहे हैं। कई युवा रील को रोचक बनाने के चक्कर में पानी के बीच उतर रहे हैं तो कई युवा टूटी दीवारों पर चढ़कर रील बना रहे हैं। वैसे तो रील्स बनाने का खुमार हर वर्ग के लोगों को है, लेकिन इसमें खासकर 16 से 40 वर्ष के युवा वर्ग में ये क्रेज तेजी से बढ़ रहा है। सोशल मीडिया पर लोकप्रिय होने या अपने फॉलोअर्स बढ़ाने के जुनून में लोग इतने खो जाते हैं कि कुछ अलग हटकर दिखाने के चक्कर में ख़ुद के साथ-साथ कई बार दूसरों तक की जान से खिलवाड़ कर डालते हैं।

लोकप्रियता हासिल करने के लिए कभी कोई रेलवे ट्रैक पर ट्रेन के सामने पहुँच जाता है तो कभी कोई बहुमंजिला इमारत पर खड़े होकर वीडियो बनाता है। कभी वाहन चलाते समय स्टंटबाजी, कभी सड़कों व चौक-चौराहों पर डांस, स्टंट करना, सिलीसेढ़ और बाँध पर खड़े होकर रील्स बनाना। कभी किसी पहाड़ पर खड़े होकर अजीब हरकतें करना। कहीं झरनों व जलाशयों के बीचोंबीच जाकर पानी में बेपरवाह मस्ती करते हुए रील्स बनाना। कभी रेलवे ट्रैक पर जाकर या प्लेटफार्म या चलती ट्रेन में दरवाजे पर खड़े होकर रील्स बनाना।

रील लाइफ की तुलना से युवाओं का आत्मसम्मान प्रभावित हो रहा है। सोशल मीडिया की दुनिया में परफेक्ट दिखने की होड़ में जब उनकी पोस्ट को वांछित प्रतिक्रिया नहीं मिलती, तो वे निराश हो जाते हैं। इसका सीधा असर उनकी मानसिक स्थिति पर पड़ता है, जिससे वे और ज़्यादा सोशल मीडिया पर सक्रिय हो जाते हैं और इस चक्रव्यूह से बाहर निकलना मुश्किल हो जाता है। विशेषज्ञों का सुझाव है कि इस समस्या से निपटने के लिए अभिभावकों और शिक्षकों को मिलकर युवाओं को वास्तविक जीवन के महत्त्व का अहसास कराना चाहिए। टेलेंट है तो बहुत से विषय हैं रील बनाने केयदि किसी में टेलेंट है तो जान को जोखिम में डालने वाली रील बनाने की बजाय मोटिवेशनल, संगीत, नृत्य, तकनीकी ज्ञान, सेहत से जुड़ी टिप्स, धर्म, विज्ञान, फिटनेस, हास्य-व्यंग्य, खान-पान सहित सैकड़ों विषयों पर रील बनाकर ख्याति अर्जित कर सकता है। रील्स की बजाय अपने दोस्तों के साथ समय गुजारें मॉर्निंग वॉक के साथ व्यायाम करने में समय बिताएंरील्स देखने के कारण बच्चे वर्चुअल ऑटिज्म के शिकार हो रहे हैं, उन्हें मोबाइल से दूर रखेंबच्चों के सामने कम से कम मोबाइल का इस्तेमाल करेंबच्चों को वक़्त दें, उनसे पारिवारिक बातें करें।

फॉलोअर्स बढ़ाने के लिए टेलेंट होना बहुत ज़रूरी है। यदि आपके अंदर टेलेंट है तो फॉलोअर्स अपने आप ही बढ़ जाएंगे। यदि युवा ट्रैक पर खड़े होकर रील बना रहे है तो बहुत ग़लत है। इससे दूसरे बच्चों पर भी ग़लत असर पड़ेगा। रील बनाने वालों के साथ उनकी वीडियो देखने वालों की भी मूर्खता है। इनका विरोध करना चाहिए। युवा जल्दी फेमस होने के लिए रील बना रहे हैं, जोकि बहुत ग़लत है। मैं कई जगह रेलवे ट्रैक और फ्लाई ओवर पर रील बनाते हुए युवाओं को देखता हूँ। उन्हें रील बनानी है तो सबसे पहले सुरक्षित जगह चुनें। बच्चे रेलवे ट्रैक या फिर रिस्क वाली जगह पर रील बना रहे हैं तो माता-पिता को इन पर निगरानी रखनी चाहिए।

सोशल मीडिया के चलते बच्चों और युवाओं में सामाजिक दिखावे की प्रवृत्ति तेजी से बढ़ रही है। युवा फॉलोअर्स बढ़ाने के लिए एक-दूसरे की देखादेखी कर रहे हैं। उन्हें नहीं पता होता कि इसका नतीजा क्या होगा। उन्हें वास्तविकता का पता नहीं है।

बच्चे अपने माता-पिता की बात नहीं मानते हैं। जो उम्र पढ़ने की होती है उसमें रील बना रहे हैं। रिस्क भी ज़्यादा लेते हैं। ऐसे बच्चों के साथ-साथ उनके अभिभावकों की भी काउंसिलिंग की ज़रूरत है। युवाओं के साथ-साथ अब छोटे बच्चों में भी मोबाइल पर रील्स बनाने की आदत होने लगी है। बच्चे घर पर अकेले रहते हैं सोशल मीडिया का अट्रैक्शन है। सबको अच्छा लगता है कि उन्हें लोग पसंद करे, तारीफ करें। इससे बचने का यही उपाय है कि बच्चों को मोबाइल का प्रयोग कम करने दे। मोबाइल देखते समय बड़े उनके साथ ही रहें, जिससे वह कुछ ग़लत ना कर सके।

## नजरिया

# बांग्लादेश में दुर्गा पूजा पंडालों में कट्टरपंथी अराजकता का तांडव

मनोज कुमार अग्रवाल
मोबाइल : 9219179431



बांग्लादेश में हिन्दुओं के साथ क्रूरता पूर्ण अमानवीयता में कोई कमी नहीं आई है। शेख हसीना के सत्ताच्युत हो जाने के बाद से इन में असामान्य रूप से वृद्धि हुई है। बांग्लादेश में इस साल शारदीय नवरात्रि दुर्गा पूजा समारोहों से जुड़ी लगभग 35 अप्रिय घटनाएं सामने आई हैं, जिसके बाद सत्रह लोगों को गिरफ्तार किया गया है। लगभग एक दर्जन मामले भी दर्ज किए गए हैं जबकि वास्तव में ऐसी वारदातों की तादाद की गुना अधिक है जिन्हें बांग्लादेश के प्रशासन ने दर्ज नहीं किया है। यह घटनाक्रम उस समय सामने आया है जब एक दिन पहले पता चला कि प्रधानमंत्री मोदी द्वारा उपहार में दिया गया एक मुकुट दुर्गा पूजा समारोहों के बीच बांग्लादेश के दक्षिण-पश्चिमी सतखीरा जिले में एक हिंदू मंदिर से चोरी हो गया था, जिस पर भारत ने चिंता व्यक्त की थी। पांच दिवसीय हिंदू धार्मिक उत्सव बुधवार को देवी दुर्गा के आह्वान के साथ शुरू हुआ, जिसे महा षष्ठी कहा जाता है। समारोह का समापन रविवार को देवी दुर्गा की मूर्तियों के विसर्जन के साथ होगा। बता दें कि अल्पसंख्यक हिंदू बांग्लादेश की 170 मिलियन आबादी का लगभग 8 प्रतिशत हिस्सा हैं। हिंदुओं को 5 अगस्त को तत्कालीन प्रधानमंत्री शेख हसीना के निष्कासन के बाद भड़की छात्र-नेतृत्व वाली हिंसा के दौरान अपने व्यवसायों और संपत्तियों की बर्बरता और मंदिरों के विनाश का सामना करना पड़ा।

पुलिस महानिरीक्षक (आईजीपी) एमडी मोइनुल इस्लाम ने कहा कि 1 अक्टूबर से देश भर में चल रहे दुर्गा पूजा समारोह से संबंधित 35 घटनाएं हुई हैं, जिसके कारण 11 मामले दर्ज किए गए हैं। इस्लाम ने शुक्रवार को ढाका में बनानी पूजा मंडप का दौरा किया, जिसके बाद उन्होंने संवाददाताओं को बताया कि देश भर में 32000 से अधिक मंडपों में दुर्गा पूजा मनाई जा रही है। भारतीय उच्चायोग ने बांग्लादेश सरकार से चोरी की जांच करने और अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई करने के अलावा मुकुट बरामद करने का आग्रह किया। आईजीपी इस्लाम ने आश्वासन दिया कि पुलिस के पास घटनाओं के लिए जिम्मेदार लोगों का रिकॉर्ड है और आरोपी को सजा मिलकर रहेगी।बांग्लादेश में दुर्गा पूजा के मौके पर अनेक अप्रिय घटनाएं देखने को मिली हैं। ढाका में शुक्रवार को दुर्गा पूजा पंडाल पर पेट्रोल बम फेंका गया। घटना में एक शख्स घायल हुआ। वहीं चैटोग्राम में एक दुर्गा पूजा पंडाल में इस्लामिक गाना बजाया गया, जिसे लेकर सवाल उठ रहे हैं। 7 लोगों पर मुकदमा हुआ है।

आपको बता दें कि बांग्लादेशी समाचार पत्र 'ढाका ट्रिब्यून' ने बांग्लादेश में इंस्पेक्टर जनरल ऑफ पुलिस मोहम्मद मोइनुल इस्लाम के हवाले से दुर्गा पूजा समारोह के दौरान दर्ज की गई 35 अप्रिय घटनाओं का उल्लेख किया। मोहम्मद इस्लाम ने शुक्रवार को ढाका में बनानी पूजा मंडप का दौरा किया था, जिसके बाद उन्होंने पत्रकारों से कहा था कि हिंदू अल्पसंख्यकों के पर्व पर पूजा-समारोहों की सुरक्षा की जाएगी। देश में 32,000 से अधिक मंडपों में दुर्गा पूजा समारोह आयोजित किया गया है।' मोहम्मद इस्लाम का बयान ऐसे समय में आया है, जब 2 दिन पहले ही पता चला था कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा बांग्लादेश के मंदिर में चढ़ाया गया स्वर्ण मुकुट दुर्गा पूजा समारोह के दौरान चुरा लिया गया। स्वर्ण मुकुट चोरी होने की घटना से बांग्लादेश हिंदू दुखी हो गए। उन्होंने पुलिस-प्रशासन से गुहार लगाई। इस घटना पर भारत सरकार ने भी चिंता व्यक्त की है। भारतीय विदेश मंत्रालय ने बांग्लादेश की राजधानी ढाका के तांतीबाजार में पूजा मंडप पर हमले और सतखीरा में प्रतिष्ठित जेशोरेश्वरी काली मंदिर में चोरी की घटना की निंदा करते हुए बांग्लादेश सरकार से हिंदुओं और सभी अल्पसंख्यकों और उनके पूजा स्थलों की सुरक्षा सुनिश्चित करने का आह्वान किया है। भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने उस बयान को सोशल मीडिया पर भी पोस्ट किया। उन्होंने लिखा, बांग्लादेश में पूजा मंडप पर हमले और हिंदू मंदिरों को अपवित्र करने तथा उन्हें क्षति पहुंचाने पर हमारा बयान में विदेश मंत्रालय के इस बयान में बांग्लादेश में हिंदू मंदिरों पर हुए हमले और चोरी की निंदा करते हुए, बांग्लादेश सरकार से हिंदुओं और सभी अल्पसंख्यकों और उनके पूजा स्थलों की सुरक्षा सुनिश्चित करने का आह्वान किया गया। सूत्रों ने बताया कि बांग्लादेश के कानून प्रवर्तन अधिकारियों से घटना की जांच करने, चोरी की गई वस्तु को बरामद करने और दोषियों को सजा दिलाने का आग्रह किया गया है।

महत्त्वपूर्ण

Printed& Published by Devendra Sharma on behalf of owners M/s. New Media Company,6/4 , Ist floor, Cantonment station road, Bengaluru-51and printed at Dinasudar Printing Division, 116, Queens Road, Bengaluru-560052. **Editor-Shreekant Parashar**, (*Responsible for selection of news under PRB Act.) Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any suchmanner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.**RNI No. 58061/93. Regn No.: RNP/KA/BGS/2050/2015-2017 posted at Bengaluru PSO Mysore Road Bengaluru-560 026**

पाठकों से अनुरोध है कि इस प्रकाशन में प्रकाशित किए जाने वाले किसी भी तरह के विज्ञापन (वैवाहिक, वर्गीकृत, टैंड़र एवं सजावटी इत्यादि) पर कोई भी कार्यवाही, प्रतिबद्धता या धनराशि का व्यय करने से पूर्व इन विज्ञापनों के बारे में समस्त जानकारी वह स्वयं प्राप्त कर लें। दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह उत्पादों की गुणवत्ता तथा सेवाओं के लिए विज्ञापनदाताओं द्वारा किए जा रहे किसी प्रकार के दावों के लिए जिम्मेदार नहीं है। अगर विज्ञापनदाता विज्ञापन में किया जा रहा दावा पूरा नहीं करता है तो दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह के संपादक, मुद्रक एवं प्रकाशक या मालिकान को पाठक किसी भी रूप में उत्तरदाई नहीं बना सकता।– दक्षिण भारत राष्ट्रमत

# एससीओ की बैठक में शामिल होने के लिए मंगलवार को पाकिस्तान पहुंचेंगे जयशंकर

**लाहौर (पाकिस्तान)/भाषा**

विदेश मंत्री एस. जयशंकर शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए मंगलवार को पाकिस्तान पहुंचने वाले हैं। पिछले कई वर्षों से दोनों पड़ोसी देशों के बीच संबंधों में जारी तनाव के बीच भारत की ओर से पाकिस्तान की यह पहली उच्च स्तरीय यात्रा होगी।

अधिकारियों ने बताया कि इस्लामाबाद पहुंचने के तुरंत बाद विदेश मंत्री जयशंकर एससीओ सदस्य देशों के स्वागत के लिए पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ की मेजबानी में आयोजित स्वागत भोज में शामिल होंगे। दोनों पक्षों ने एससीओ शासनाध्यक्षों के शिखर सम्मेलन से इतर जयशंकर और उनके पाकिस्तानी समकक्ष इशाक डार के बीच किसी भी द्विपक्षीय वार्ता से इनकार किया है।

करीब नौ साल बाद यह पहला मौका है जब भारत के विदेश मंत्री पाकिस्तान की यात्रा करेंगे, जबकि कश्मीर मुद्दे और पाकिस्तान की ओर से सीमा पार आतंकवाद को लेकर दोनों पड़ोसी देशों के बीच संबंधों में अब भी बर्फ जमी हुई है।

ऐसी सूचना है कि जयशंकर पाकिस्तान में 24 घंटे से भी कम समय रुकेंगे।



पाकिस्तान एससीओ शासनाध्यक्ष परिषद (सीएचजी) की बैठक की मेजबानी कर रहा है जो 15 और 16 अक्टूबर को होगी।

पाकिस्तान की यात्रा करने वाली भारत की आखिरी विदेश मंत्री सुषमा स्वराज थीं। उन्होंने अफगानिस्तान पर एक सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए दिसंबर 2015 में इस्लामाबाद की यात्रा की थी।

पाकिस्तान ने एससीओ शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए अगस्त में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को न्योता दिया था। जयशंकर की पाकिस्तान की यात्रा महत्वपूर्ण मानी जा रही है क्योंकि इसे भारत की ओर से एक अहम निर्णय के रूप में देखा जा रहा है।

एक कार्यक्रम में अपने हालिया संबोधन में जयशंकर ने कहा था, ''किसी भी पड़ोसी देश की तरह भारत निश्चित रूप से पाकिस्तान के साथ बेहतर संबंध चाहेगा। लेकिन यह सीमापार आतंकवाद को नजरअंदाज करके और ऐसी (सीमा पार आतंकवाद खत्म करने की) इच्छा करने से नहीं हो सकता।''

इस सम्मेलन के लिए वरिष्ठ मंत्री को भेजने का फैसला एससीओ के प्रति भारत की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

फरवरी 2019 में पुलवामा आतंकी हमले के जवाब में भारत के लड़ाकू विमानों द्वारा पाकिस्तान के बालाकोट में जैश-ए-मोहम्मद के आतंकवादी प्रशिक्षण शिविर पर बमबारी के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच संबंधों में जबरदस्त तनाव आ गया था।

# श्रीलंका में भारी बारिश से तीन लोगों की मौत, कोलंबो में स्कूल बंद किए गए

**कोलंबो/भाषा**

श्रीलंका के 12 जिलों में खराब मौसम के कारण तीन लोगों की मौत हो गई और भारी बारिश के कारण 1,25,000 से अधिक लोग प्रभावित हुए हैं। श्रीलंका में भारी बारिश के कारण कई हिस्सों में बाढ़ आ गई तथा सोमवार को राजधानी कोलंबो और उपनगरीय क्षेत्रों में स्कूलों में छुट्टी कर दी गई। राष्ट्रपति अनुरा दिसानायके ने प्रभावित लोगों को राहत प्रदान करने के लिए अतिरिक्त पांच करोड़ रुपए आवंटित करने का निर्देश दिया है।

प्रभावित लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने और भोजन एवं अन्य आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराने के लिए नौसेना तथा सेना के जवान तैनात किए गए हैं। श्रीलंका में आठ अक्टूबर से भारी बारिश हो रही है। पिछले दो दिन में कुछ जिलों में 100 मिलीमीटर से अधिक वर्षा हुई और तेज हवाएं चलीं जिससे कई क्षेत्रों में बाढ़ और जलभराव की स्थिति उत्पन्न हो गई। सोमवार को दोपहर 12 बजे जारी पूर्वानुमान में अगले 24 घंटों में देश भर के कई इलाकों में 100 मिमी से अधिक बारिश होने की चेतावनी जारी की गई। आपदा प्रबंधन केंद्र (डीएमसी) ने बताया कि सोमवार सुबह तक 1,25,000 से अधिक लोग प्रभावित हुए हैं। उन्होंने बताया कि हजारों लोगों को 80 से अधिक अस्थायी आश्रय स्थलों में पहुंचा गया है। डीएमसी ने बताया कि अब तक तीन मौतों की पुष्टि हो चुकी है। अधिकारियों ने अत्यधिक वर्षा और बाढ़ के कारण सोमवार को राजधानी कोलंबो और उपनगरीय क्षेत्रों में स्कूल बंद कर दिए।

**समारोह**



बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सोमवार को पटना में एशियाई हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी (महिला) 2024 की 'ट्रॉफी गौरव यात्रा' के ध्वजारोहण समारोह के दौरान।

# कैंसर से जूझ रहीं हिना खान, पलक तक के बाल झड़े

**मुंबई/एजेन्सी**

एक्ट्रेस हिना खान कैंसर जैसी भयानक बीमारी के असहनीय दर्द से जूझ रही हैं। इस बीमारी के कारण बालों के बाद उनकी पलकें भी झड़ गई हैं। इसी बीच एक्ट्रेस ने उन्होंने अपनी आंख पर बचे एक पलक के बाल की फोटो शेयर की और अपने फैन्स से प्रार्थना करने को कहा। उनके इस पोस्ट पर उनके फैंस के साथ-साथ नेटिजन्स ने भी उनकी बहादुरी को सलाम किया है। एक्ट्रेस हिना खान ने अपनी पलक के आखिरी बालों की तस्वीर पोस्ट करते हुए अपने कैंसर के दर्द को बयां किया है। हिना खान ने पलक



के बाल को लेकर लिखा कि यह एक वक्त खूबसूरत ब्रिगेड का हिस्सा था, जो मेरी आंखों को सुंदर बनाती थी। मेरी लंबी और सुंदर पलकें यह बहादुर, अकेली योद्धा मेरी आखिरी पलक, जिसने मेरे साथ बहुत कुछ लड़ा है। कोई ना सब ठीक हो जाना है। उन्होंने यह कहकर सांत्वना दी कि बीमारी से लड़ने की प्रेरणा उनकी पलक के बचे हुए बाल ही हैं। उन्होंने फैंस से प्रार्थना करने के लिए भी लिखा है। हिना ने इस साल जुलाई में एक इंस्टाग्राम पोस्ट में अपने कैंसर निदान का खुलासा किया था। हिना खान ने लिखा था, सभी को नमस्कार, हाल की अफवाहों को संबोधित करने के लिए, मैं उन सभी के साथ कुछ महत्वपूर्ण समाचार शेयर करना चाहती हूं, जो मुझसे प्यार करते हैं और मेरी परवाह करते हैं। मुझे स्टेज तीन स्तन कैंसर का पता चला है।



# 'भूल भुलैया 3' और 'सिंघम 3' दोनों फिल्में करेंगी अच्छा प्रदर्शन : कार्तिक

**मुंबई/एजेन्सी**

बॉलीवुड अभिनेता कार्तिक आर्यन का कहना है कि दीवाली पर एक साथ रिलीज होने वाली भूल भुलैया 3 और सिंघम 3 दोनों फिल्में अच्छा प्रदर्शन कर सकती हैं। कार्तिक आर्यन, विद्या बालन ,तृप्ति डिमरी और माधुरी दीक्षित स्टारर भूल भुलैया 3, 01 नवंबर को दीवाली के अवसर पर सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है। इसी अजय देवगन, करीना कपूर, दीपिका पादुकोण और अर्जुन कपूर जैसे सितारों से सजी फिल्म सिंघम अगेन भी रिलीज होने वाली है। दोनों फिल्में बॉक्स ऑफिस पर एक-दूसरे से क्लैश कर रही है।भूल भुलैया 3 और सिंघम अगेन के क्लैश होने पर कार्तिक ने अपनी प्रतिक्रिया दी है। कार्तिक आर्यन ने कहा, दीवाली बहुत बड़ा हॉलिडे है। मुझे लगता है दो फिल्में आराम से चल सकती है सिंघम अगेन का एक्शन जॉनर है, हमारा कॉमेडी जॉनर है।

अभी यहां पर दीवाली के अवसर पर दो फिल्में आ रही है, जिसका मुझे लगता है कि दोनों फिल्मों का फैंस ब्रेसबी से इंतजार कर रही है।मुझे लगता है कि मैं एक फिल्म देखने वाले के तौर पर बात करूं तो हम सभी के लिए यह एक तरह का त्योहार है कि उस दिन हमारे पास दो ऑप्शन आ रहे हैं, जो आजकल हमारी इंडस्ट्री में बहुत कम हो रहा है। दोनों ही फिल्मों के अच्छा करने की गुंजाइश है।

# राष्ट्रपति मुर्मू ने अल्जीरिया में भारतीय समुदाय के लोगों से की बातचीत

**अल्जीयर्स (अल्जीरिया)/भाषा**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने अल्जीरिया की राजधानी अल्जीयर्स में भारतीय समुदाय के योगदान की सराहना की। उन्होंने कहा कि भारत सरकार और भारतीय समाज ने हमेशा विदेशों में भारत की स्थिति, प्रतिष्ठा और मान को बढ़ाने में भारतीय समुदाय की भूमिका को महत्व दिया है।

मुर्मू तीन देशों की अपनी यात्रा के पहले चरण में रविवार शाम अल्जीयर्स पहुंचीं। यह भारतीय राष्ट्रपति द्वारा अफ्रीका के साथ संबंधों को मजबूत करने के लिए किया गया पहला दौरा है। राष्ट्रपति मुर्मू सोमवार को अल्जीरिया के



राष्ट्रपति अब्देलमदजीद तेब्बौने से मुलाकात करेंगी। मुर्म भारतीय कंपनी शापूरजी पलोंजी द्वारा निर्मित किंग अब्दुल्ला विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी केंद्र का दौरा भी कर सकती हैं। इससे पहले रविवार शाम को राजधानी अल्जीयर्स पहुंचने के तुरंत बाद उन्होंने भारतीय समुदाय से बातचीत की। राष्ट्रपति भवन की ओर से सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर किए गए एक पोस्ट में कहा गया, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने अल्जीयर्स में भारतीय समुदाय के स्वागत समारोह में भाग लिया। राष्ट्रपति ने कहा कि अल्जीरिया में भारतीय समुदाय भारत के हितों को आगे बढा रहा है। मुर्मू ने अपने भाषण में कहा, 1.4 अरब भारतीयों के सामूहिक प्रयासों से हम आशाओं और आकांक्षाओं की एक नई यात्रा पर चल रहे हैं, भारत तेजी से विकास के पथ पर आगे बढ़ रहा है।




# फिल्म 'दो पत्ती' का ट्रेलर रिलीज

**मुंबई/एजेन्सी**

बॉलीवुड अभिनेत्री काजोल और कृति सैनन की आने वाली फिल्म दो पत्ती का ट्रेलर रिलीज हो गया है। शशांक चतुर्वेदी द्वारा निर्देशित और कनिका ढिल्लन द्वारा लिखित मर्डर मिस्ट्री दो पत्ती में काजोल और कृति सैनन की अहम भूमिका है। फिल्म दो पत्ती,उत्तराखंड के काल्पनिक शहर देवीपुर पर आधारित है।काजोल इस फिल्म में एक पुलिसकर्मी की भूमिका में है जो एक हत्या के प्रयास के मामले में सच्चाई को उजागर करने के मिशन पर है। फिल्म दो पत्ती का निर्माण कनिका ढिल्लों और कृति सेनन ने किया है। इस फिल्म के जरिए कृति बतौर निर्माता बॉलीवुड में अपनी शुरुआत करने जा रही हैं। 'दो पत्ती' कृति के होम प्रोडक्शन 'ब्लू बटरफ्लाई फिल्म्स' की पहली फिल्म है। फिल्म दो पत्ती का ट्रेलर रिलीज हो गया है। कृति इस फिल्म में जुड़वा बहनों की दोहरी भूमिका में नजर आयेंगी। इस फिल्म में शहीर शेख और तन्वी आजमी भी अहम भूमिका है।यह फिल्म 25 अक्टूबर को नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी।



# वेब सीरीज 'आदि शंकराचार्य' का ट्रेलर हुआ रिलीज

**मुंबई/एजेन्सी**

आर्ट ऑफ लिविंग ने अपनी पहली वेब सीरीज 'आदि शंकराचार्य' का ट्रेलर रिलीज कर दिया है। यह प्रोडक्शन आदि शंकराचार्य के प्रारंभिक वर्षों की कहानी प्रस्तुत करेगा, जिसमें वे भारत भर में यात्रा करते हुए आध्यात्मिक नैतिकताओं और परंपराओं को पुनर्जीवित करते हैं। सीज़न 1 में 10 एपिसोड होंगे। प्रत्येक एपिसोड लगभग 40 मिनट लंबा और आदि शंकराचार्य के जीवन के पहले आठ वर्षों पर आधारित होंगे।

इस प्रोजेक्ट के बारे में निर्देशक ओंकार नाथ मिश्रा ने बताया कि यह सीरीज महान आदि शंकराचार्य को समर्पित है, जिनकी बुद्धिमत्ता, ज्ञान और आध्यात्मिक शक्ति ने इस राष्ट्र को आकार दिया। जब भारत 300 से अधिक राज्यों में बंटा हुआ था, उस समय आदि शंकराचार्य ने देशभर में यात्रा की और इसे सनातन धर्म के ध्वज तले एकजुट किया। उनका सांस्कृतिक और आध्यात्मिक पुनर्जागरण में योगदान अतुलनीय है और हम उनकी कहानी को आधुनिक दर्शकों के स्वर में जीवंत करना चाहते हैं। यह सीरीज 1 नवंबर से आर्ट ऑफ लिविंग ऐप पर उपलब्ध होगी जो इस महान राष्ट्रीय नायक की प्रेरणादायक जीवन की कहानी को विश्वभर के दर्शकों तक पहुंचाएगी।



# फिल्म 'बेबी जॉन' का टीजर रिलीज

**मुंबई/एजेन्सी**

बॉलीवुड अभिनेता वरुण धवन और जैकी श्राफ की फिल्म बेबी जॉन का टीजर रिलीज हो गया है। एक्शन से भरपूर 'बेबी जॉन' में वरुण धवन मुख्य भूमिका में है, जबकि जैकी श्रॉफ नेगेटिव रोल में दिखाई देंगे।जैकी श्रॉफ के किरदार का नाम 'बब्बर शेर' है। वरुण धवन ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर 'बेबी जॉन' का टीजर शेयर किया है। टीजर में जैकी श्रॉफ खूंखार अंदाज में नजर आ रहे हैं।उनके किरदार के लंबे भूरे बाल है, जबकि उन्होंने अपने हाथों में अंगूठियां और गले में जंजीर पहन रखी है।वीडियो में वह जेल में बंद दिखाई देते हैं और उनके खून से सने हाथ में एक हथियार दिखता है। वरुण धवन ने टीजर शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा, उस अंधेरे से मिलने के लिए तैयार हो जाओ, जिसके बारे में आपने कभी नहीं सोचा था। बब्बर शेर आपके लिए आ रहा है। फिल्म 'बेबी जॉन' का निर्देशन कलीस ने किया है। कीर्ति सुरेश इस फिल्म से बॉलीवुड में डेब्यू करने जा रही हैं। इसके अलावा इस फिल्म में वामिका गब्बी और राजपाल यादव भी मुख्य भूमिकाओं में दिखाई देंगे। 'बेबी जॉन' को जियो स्टूडियो ने एटली और सिने1 स्टूडियो के साथ मिलकर बनाया है।'बेबी जॉन' 25 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

# अपने खास दोस्तों संग समय बिताती दिखीं मृणाल ठाकुर

**मुंबई/एजेन्सी**



अभिनेत्री मृणाल ठाकुर इन दिनों उत्तराखंड में शूटिंग कर रही हैं। इस दौरान उन्होंने सोशल मीडिया पर अपने फैंस के साथ एक फोटो शेयर की है, जिसमें उन्हें उनके नए दोस्त के साथ देखा जा सकता है। मृणाल ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया, जिसमें वह सेट पर अपने पेटस के साथ खेलती हुई नजर आईं। अभिनेत्री ने अपनी इस पोस्ट में 2011 में आई रणबीर कपूर अभिनीत फिल्म रॉकस्टार से ए.आर. रहमान और मोहित चौहान के गाने नादान परिंदे को बैकग्राउंड स्कोर के तौर पर इस्तेमाल किया। पोस्ट पर कैप्शन देते हुए अभिनेत्री ने लिखा, मम्मा क्या मैं इन नादान परिंदे को घर ले जा सकती हूं ???? प्लीज प्लीज प्लीज।'' मृणाल की आगामी फिल्म में सिद्धांत चतुर्वेदी भी हैं। आईफा के 24वें संस्करण में अभिनेत्री ने बताया था कि यह एक रोमांटिक फिल्म है। बता दें कि मृणाल की कई फिल्में रिलीज के लिए तैयार हैं। जल्द ही बॉलीवुड सुपरस्टार अजय देवगन के साथ सन ऑफ सरदार में नजर आएंगी। फिल्म का निर्देशन विजय कुमार अरोड़ा ने किया है। मृणाल वरुण धवन संग कॉमेडी फिल्म और पूजा मेरी जान भी दिखेंगी। 32 वर्षीय अभिनेत्री ने 2012 में टेलीविजन शो मुझसे कुछ कहती है...ये खामोशियां से अभिनय की दुनिया में कदम रखा था। उन्होंने अर्जुन, कुमकुम भाग्य जैसे शो में काम किया है और नच बलिए 7 में भी भाग लिया है। मृणाल शोभिता धुलिपाला, अर्जुन माथुर, जिम सर्भ, शशांक अरोड़ा, कल्कि कोचलिन, शिवानी रघुवंशी और मोना सिंह अभिनीत वेब सीरीज मेड इन हेवन 2 का भी हिस्सा थीं। उन्होंने सुपर 30, बाटला हाउस, धमाका, सीता रामम, हाय नन्ना, जर्सी, पिप्पा और द फैमिली स्टार जैसी कई प्रसिद्ध फिल्मों में अभिनय किया है। हाल ही में वह प्रभास, अमिताभ बच्चन, कमल हासन और दीपिका पादुकोण अभिनीत साइंस-फिक्शन थ्रिलर कल्कि 2898 एडी में दिव्या के किरदार में नजर आई थी। निर्देशन नाग अश्विन के निर्देशन में बनी इस फिल्म का निर्माण वैजयंती मूवीज ने किया था।



# फिल्म 'वेट्टैयन' ने पहले वीकेंड पर 81 करोड़ की कमाई की

**मुंबई/एजेन्सी**

दक्षिण भारतीय फिल्मों के महानायक रजनीकांत की फिल्म 'वेट्टैयन' ने अपने पहले वीकेंड में तीन दिनों में भारतीय बाजार में 81 करोड़ रूपये से अधिक की कमाई कर ली है।

टीजे ज्ञानवेल के निर्देशन में बनी फिल्म 'वेट्टैयन' में रजनीकांत की मुख्य भूमिका है।इस फिल्म में अमिताभ बच्चन की भी अहम भूमिका है। अमिताभ और रजनीकांत ने अंधा कानून, गिरफ्तार और हम जैसी सुपरहिट फिल्मों में काम किया है। यह जोड़ी 33 साल के बाद साथ नजर आयी है।

इस फिल्म को फैंस का जबरदस्त रिस्पॉन्स मिल रहा है। सैकनिल्क की रिपोर्ट के अनुसार 'वेट्टैयन' ने रिलीज के पहले दिन 31.7 करोड़, दूसरे दिन 24 करोड़ और तीसरे दिन 26.1 करोड़ रूपये की कमाई की है। इस इस फिल्म ने भारतीय बाजार में 81 करोड़ रूपये से अधिक की कमाई कर ली है। लाइका प्रोडक्शंस के बैनर तले बनी फिल्म वेट्टैयन में रजनीकांत और अमिताभ बच्चन के अलावा राणा दग्गुबाती, फहद फाजिल, मंजू वारियर, दुशारा विजयन, रितिका सिंह, जीएम सुंदर, रोहिणी, राव रमेश, रमेश थिलक, रक्षण और अन्य सितारे शामिल हैं। इस फिल्म में संगीत अनिरुद्ध रविचंदर का है।

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
8
www.dakshinbharat.com
epaper.dakshinbharat.com
बेंगलूरु | मंगलवार | 15-10-2024
/dakshinbharat /dakshinbharat
DAKSHIN BHARAT RASHTRAMAT HINDI DAILY
RNI No. 58061/93. Regn No.:
RNP/KA/BGS/2050/2018-2020
Posted at Bengaluru PSO
Mysore Road Bengaluru-560 026.

**आगामी कार्यकाल में बेहतरीन कार्यक्रमों की रूप रेखा तय करने और नई प्रबंधन समिति के सदस्यों में उत्साहवर्धन के मकसद से जीतो बेंगलूरु साऊथ चेप्टर ने ब्रेन स्टोर्मिंग सेशन यानी विचार मंथन सत्र का दो दिवसीय आयोजन एक रिसोर्ट में किया।**



# 'शब्द' की रचनागोष्ठी में खूब जमी महफ़िल

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। बेंगलूरु के रचनाकारों की प्रसिद्ध साहित्य संस्था 'शब्द' की गत रविवार को आयोजित मासिक रचनागोष्ठी में मुख्य अतिथि डॉ माणिक मृगेश बड़ोदरा से पधारे थे। उनके कटाक्षपूर्ण दोहों का श्रोताओं ने खूब आनंद लिया। रचनागोष्ठी की अध्यक्षता शब्द की कार्यकारी अध्यक्ष नलिनी पोपट ने किया और राजेन्द्र गुलेच्छा ने संचालन किया। रचना उनियाल की सरस्वती वंदना से शुरू कार्यक्रम के प्रारंभ में 'शब्द' के अध्यक्ष डॉ श्रीनारायण समीर ने आगत रचनाकारों का स्वागत करते हुए कविता की दीर्घजीविता एवं प्रासंगिकता की चर्चा की और प्रसंगवश गुरु गोविंद सिंह को याद किया।

रचनागोष्ठी में वरिष्ठ कवि अनिल विभाकर, मैथिली पी राव, शिवनंदन सिन्हा, उषारानी राव तथा मनोज कुमार ने एक से बढ़कर एक बेहतरीन कविताएँ सुनाईं। नलिनी पोपट और श्रीकांत शर्मा की सस्वर काव्य प्रस्तुति प्रभावशाली रही। राजेन्द्र गुलेच्छा, श्रीनारायण समीर तथा रचना उनियाल की भिन्न मनोभाव वाली कविताएँ भी श्रोताओं द्वारा सराही गईं। रचनागोष्ठी में तमिलभाषी युवा तकनीकविद् श्रीनाथ की उपस्थिति उल्लेखनीय थी। 'शब्द' की सचिव डॉ उषारानी राव के द्वारा कवियों एवं श्रोताओं के प्रति धन्यवाद ज्ञापन से गोष्ठी संपन्न हुई ।



# खागा की साधारण वार्षिक सभा में विशिष्ट सेवा देने वालों का किया सम्मान

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। कर्नाटक होजरी एव गारमेंट एसोसिएशन ने एफकेसीसीआई सभागार में अपनी 33वीं वार्षिक साधारण सभा का आयोजन किया। अध्यक्ष प्रकाश भोजानी ने स्वागत किया एवं सचिव कैलाश बालर ने इस साल में किए गए कार्यों का विस्तृत विवरण दिया। कोषाध्यक्ष गिरधारीलाल राजपुरोहित ने वार्षिक रिपोर्ट पेश की। पूर्व अध्यक्ष वसन्त जैन द्वारा मंगलाचरण के साथ कार्यक्रम आरंभ हुआ।

इस मौके पर पूर्व अध्यक्ष गौतम पोरवाल एवं सदस्य शांतिलाल पितलिया को उनकी उत्कृष्ट सेवाओं के लिए खागा रत्न से सम्मानित किया गया। पूर्व अध्यक्ष सज्जनराज मेहता ने खागा रत्न के बारे में बताया। संयुक्त सचिव बिशनसिंह विराणा एवं समिति सदस्य चंपालाल जैन को भी उनके समर्पण भाव के लिए तथा पीएच राजपुरोहित को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में शांतिलाल पितलिया, राजेश खैरा एवं जोगसिह राजपुरोहित को सर्वाधिक करदाता प्रदाता के रूप में सम्मानित किया। कार्यक्रम में खागा निर्वाचन अधिकारियों निर्वाचन अधिकारी प्रकाशचन्द्र खांटेड व बसंत जैन द्वारा नए तीस सदस्यों की घोषणा की गई। सह सचिव जोगेश जैन ने धन्यवाद दिया व कार्यक्रम का संचालन सज्जनराज मेहता ने किया। पूर्व अध्यक्ष उम्मेदमल बुच्चा, दिलीप जैन, डूंगरमल चौपड़ा, उपाध्यक्ष पदमसिंह राजपुरोहित आदि ने वर्तमान पदाधिकारियों का सम्मान किया।



# भारतीय समाज की टूट रही है आस्तिकता : आचार्यश्री विमलसागरसूरी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

मैसूरु। शहर के नजरबाद स्थित बुद्धि वीर वाटिका के विशाल पंडाल में धर्मसभा को मार्गदर्शन देते हुए जैनाचार्य विमलसागरसूरीश्वरजी ने कहा कि मनुष्य के मन में सही मार्ग के प्रति दृढ़ श्रद्धा और उसका अनुसरण दोनों दुर्लभ होते हैं। अक्सर लोग इधर-उधर की मान्यताओं में भटकते रहते हैं। आज हमें अपने धर्म और संस्कृति की महान् परंपराओं से पतित करने वाले सैकड़ों निमित्त मिल रहे हैं। भटकने के इन निमित्तों से बचना अत्यंत आवश्यक है। लुभावने प्रलोभनों और चमत्कारों से प्रभावित होकर आज बड़ी मात्रा में जैन और हिन्दू समाज भटकता जा रहा है। धर्मश्रद्धा की कमी, ज्ञान का अभाव और इहलौकिक कामनाएं पथभ्रष्टता के लिए सबसे अधिक जिम्मेदार हैं। समाज को प्रबुद्ध बनने की जरूरत है।जहां-तहां मांगते फिरने से वरदान मिल जाएंगे और मनोकामनाएं पूरी हो जाएगी, यह सोच ही घोर अज्ञानता है। केवल अपने आराध्य के प्रति भक्ति, विश्वास और समर्पण होना चाहिए। बदलने, भटकने और मांगने से मन कभी तृप्त नहीं होगा और जीवन का कल्याण नहीं होगा। भगवान महावीर ने कहा है कि श्रद्धा ही मनुष्य को पार उतरती है। वासुदेव श्रीकृष्ण गीता में कहते हैं कि विश्वास ही फल देता है। संशयवान् विनाश को प्राप्त होता है।

जैनाचार्य ने कहा कि आज चमत्कारों के नाम पर जगह जगह दुकानें खुल चुकी हैं। ज्ञान और भक्ति का मार्ग कमजोर हो गया है। मैकोले की अंग्रेजी शिक्षा पद्धति आस्तिकों को नास्तिक बना रही हैं। हमारी युवा, किशोर और बाल पीढ़ी का भविष्य खतरनाक लग रहा है। उनकी विचारधारा में अकल्पनीय बदलाव दिखाई दे रहा है। मैकोले ने यह शिक्षा व्यवस्था इसलिए लाई थी। ऐसी स्थिति में जैन और हिन्दू परंपरा के संतों और प्रबुद्ध लोगों को गहन चिंतन मनन करने की आवश्यकता है। बिजली, सड़क, ब्रीज, रेल, बस, एयरपोर्ट, अस्पताल, खेल, मनोरंजन, कम्प्यूटर, इंटरनेट जैसी सैकड़ों आधुनिक व्यवस्थाओं और आवश्यकताओं से अधिक महत्वपूर्ण है शिक्षा पद्धति में परिवर्तन और नई पीढ़ी को नास्तिक बनने से बचाना। यदि आने वाले पांच-दस वर्षों में यह काम करने में हिन्दू और जैन समाज सफल न हुआ तो बहुत जल्दी हम सभी अपने महाविनाश को रोते हुए देखेंगे। हमारी नई पीढ़ी जड़ों से टूट रही हैं। उनके संस्कारों में खतरनाक परिवर्तन आ रहे हैं। भारतीय परिवारवाद और समाजवाद के लिए यह सब अत्यंत घातक है। सबको सिर्फ सुख सुविधाएं पानी हैं और अवसर मिले तो विदेश जाना हैं। इस संदर्भ में चीन, इजरायल, जापान, जर्मनी से भारतीय नई पीढ़ी को सीख लेने जैसी है। इस अवसर पर कल्याण मित्र वर्षावास समिति के अशोक दांतेवाडिया, कांतिलाल चौहान, भंवरलाल लुंकड़, प्रवीण दांतेवाडिया, वसंत राठौड़ आदि उपस्थित थे।

डिजिटल रूप में भी पढ़ें दक्षिण भारत हिन्दी दैनिक www.dakshinbharat.com

# जीवन में सूर्य व चन्द्र का अत्याधिक महत्त्व है : विनयमुनि

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। शहर के गणेश बाग में विराजित श्री शिविराचार्य विनयमुनिजी खींचन ने ज्योतिषराज दो सूत्र चंद्र प्रज्ञप्ति-सूर्य प्रज्ञप्ति विषय पर गोष्ठी और चर्चा करते हुए कहा कि सूर्य प्रज्ञप्ति और चन्द्र प्रज्ञप्ति ये दोनों ज्योतिष राज रूपी महान् शास्त्र है। इन दोनों शास्त्रों में ग्रहों की गति, ताप क्षेत्र, मंडलादि का वर्णन है। सूर्य उगता हुआ लगभग 47263 योजन होने पर दिखना शुरु होता है। उसी के आधार से घड़ी, मुहर्त, प्रहर अहोरात्रि, तिथि, मास, ऋतु और वर्ष की गणना होती है। गति के आधार पर समय की निश्चितता से ही ज्योतिष शास्त्र प्रगट हुआ है। जितनी सूर्य की मौजूदगी इन्सान के लिए जरूरी है उससे भी अधिक निशा का होना जरूरी है। 'शांति दायिनी निशा' जो शांति-विश्राम और थकान दूर कर ताजगी देती है। बिना विश्राम के इन्सान मानासिक रोगी बन जाएगा। जितना कार्य जरूर है उससे भी अधिक महत्व मन को विश्राम जरूरी है। वर्षा-वनस्पति सभी जंगल, ये सभी सूर्य के ताप में होते हैं।

संतश्री ने कहा कि जैन धर्म की संयमचर्या को पालन करने में सूर्य के प्रकार की अति आवश्यकता रहती है। जैन शास्त्रों में सूर्य-चन्द्र की महत्ता बताई है। जैन साधु साध्वी तो सूर्य के अदृश्य (सूर्यास्त) होते है खाना पीना-विहार करना सभी रोक देते हैं। अंधकार में जो कंदमूल आदि पैदा होते हैं वे भी नहीं खाते है। चन्द्र सूर्य की गणित से ही अमावस्या पूर्णिमा संक्रान्ति आदि सभी की जानकारियां ज्योतिय राजशास्त्र ही देते हैं। प्रकाश का सदुपयोग तथा अंधकार में विश्राम पर सभी को ध्यान देना चाहिए। महामंत्री संपतराज मांडोत ने सभी का स्वागत करते हुए विशेष सूचनाएं दी।



# ज्ञान के बिना जीवन की साधना अधूरी : साध्वीश्री धर्मप्रभा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। शहर के हनुमंतनगर स्थित मरुधर केसरी दरबार में धर्मसभा में नवपद आयंबिल ओली आराधना के छठवें दिवस पर साध्वीश्री धर्मप्रभाजी ने कहा कि ज्ञान स्व-पर प्रकाशक है। ज्ञान के बिना जीवन की साधना-आराधना अधूरी है। ज्ञान से विवेक, वैगम्य जागृति और सही दिशा में मागे बढ़ने की गह प्राप्त होती है। गुरु हमारे अनान अर्थकार को मिटाते है और हमारे जीवन को प्रकाश-स्तम्भ के समान जान की सम्यक रोगनी से हमारे जीवन को नान की आभा से आलौकित कर देते हैं। सम्यक जान का आराधक दृढ़ सम्यक को प्राप्त करता है और सम्यक चारित्र का पालन करते हुए अपने कदम परम पद मुक्ति मोक्ष मार्ग की ओर बढ़ाता है। व्याधक आत्मा सम्यकज्ञान के आराधक बने और अपने जीवन में विवेक यतनापूर्वक प्रवृत्ति करते हुए हर प्रकार की आशातना-विराधना से बचने का प्रयास करे। श्रीपाल चरित्र का वांचन करते हुए साध्वीश्री ने कहा कि सिंह के साथ वन में रुकना श्रेष्ठ है, गहरे पानी में डूब जाना श्री ठीक है, हाथ में बिच्छू, कनखजूरे को मुट्ठी में बांधता और सर्प के मुंह में अंगुली डालना केवल यहीं तक ही नहीं इसके आगे भी हलाहल जहर का विषपान कर लेना, भूत-प्रेत के साथ नृत्य-नाच कर लेना भी ठीक है।

प्रारंभ में साध्वीश्री स्नेहप्रभाजी ने उत्तराध्ययन सूत्र के बारहवें हरिकेशीय नामक अध्ययन पर सारगर्भित विवेचना करते हुए कहा कि हसन हरिकेशी मुनि ने अपने पूर्व भव में अपने जाति एवं रूप का मद अहंकार करने के कारण उनका जन्म चांडाल कुल में हुआ और उन्हें कुरूप, शरीर मिला और स्वभाव से भी कोची उग्र स्वभाव वाले बनें। हरिकेशीमुनि ने ब्राह्मणों की सच्चे यज्ञ और सच्चे स्नान का स्वरूप समझाते हुए तप को अग्नि, जीव को ही अग्निकुण्ड मन, वचन काया योग कुड़छियाँ, शरीर यनभूमि कर्म को ईधन के समान और संयम-चारित्र की साधना प्रवृत्ति की शांति पाठ के समान बताया। वहीं आध्यात्मिक यज्ञ के लिए सभी व्रतों में महान कठोर ब्रह्मचर्य तप को शान्ति तीर्थ के समान बताया। अध्यक्ष गौतमचंद सिंघवी ने अतिथि को सम्मान किया। संचालन कल्याणसिंह बुरड़ ने किया।



# सम्यक दर्शन यानी विचारों का शुद्धिकरण : साध्वी स्वर्णांजनाश्री

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। शहर के जिनकुशलसूरी जैन दादावाड़ी ट्रस्ट के तत्वावधान में चातुर्मासार्थ विराजित साध्वी स्वर्णांजनाश्रीजी ने नवपद जी की ओली के छठवें दिवस के प्रवचन में कहा कि सम्यग् दर्शन पद की आराधना के लिए उसके बारे में जानना आवश्यक है। यह महान दर्शन पद की आराधना का दिन है। पिछले 5 दिन तक हमने देव और गुरु तत्त्व की आराधना की और समझी। धर्म तत्त्व की आराधना करना है। धर्म को प्राप्त करके ही धर्मी बना जा सकता है। धर्म तत्त्व में पहला है सम्यग् दर्शन, इसके बिना सभी प्रकार का ज्ञान मिथ्या ज्ञान कहलाता है। किसी भी प्रकार की क्रिया मिथ्या कहलाती है, इसलिए सबसे जरुरी और मुख्य तत्त्व है सम्यक दर्शन। हमारे हृदय में देव गुरु के प्रति अखंड श्रद्धा जब प्रकट होगी तब हम सम्यक्तवी कहलाएंगे। सम्यक दर्शन यानी विचारों का शुद्धिकरण, अध्यवसायों का निर्मलीकरण, भावनाओं का उर्ध्विकरण। सम्यक दर्शन आते ही संसार के प्रति मोह कम हो जाता है और सम्यक दर्शन आते ही संयम, त्याग, धर्म क्रिया आराधना की भावना होने लगती है। साध्वीश्री ने कहा कि धर्म के प्रति राग वालों को मोक्ष दिखता है। सम्यक दर्शन की प्राप्ति के बाद हम कह सकते है कि हम मोक्ष में जाएंगे अर्थात् मोक्ष गति में रिजर्वेशन हो जाता है। हमारे हृदय में सम्यग् श्रद्धा विराजमान हो, देव गुरु धर्म की शुद्ध आराधना हमारे मन में रमती रहे। सम्यक दर्शन आने के बाद हमारी भावना शुध्द हो जाती है। हमारे रोम रोम में परमात्मा का वास हो, जैसे एक के अंक के बिना सैकड़ों शून्य का कोई मूल्य नहीं वैसे ही सम्यग् दर्शन के बिना साधना का कोई मूल्य नहीं है। सम्यक् दर्शन ही सभी मंज़िलों की नींव हैं। नींव के बिना कोई भी मंजिल नहीं टिक सकती है। प्रवचन के दौरान साध्वीवर्या द्वारा श्रीपाल और मयणा सुन्दरी का जीवन चारित्र भी श्रवण करवाया जा रहा है जिनकी देव, गुरु, धर्म के साथ नवपद नवकार महामंत्र में अटूट श्रद्धा रही थी।



# जीतो साऊथ चैप्टर का दो दिवसीय ब्रेन स्टोर्मिंग सत्र संपन्न

## आगामी वर्ष के लिए विभिन्न आयामों व कार्यक्रमों पर हुआ सार्थक विचार मंथन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। आगामी कार्यकाल में बेहतरीन कार्यक्रमों की रूप रेखा तय करने और नई प्रबंधन समिति के सदस्यों में उत्साहवर्धन के मकसद से जीतो बेंगलूरु साऊथ चेप्टर ने ब्रेन स्टोर्मिंग सेशन यानी विचार मंथन सत्र का दो दिवसीय आयोजन एक रिसोर्ट में किया। इस सत्र में संगठन के मूल सिद्धांतो को केंद्रित आगामी सत्र के लिए कार्य योजनाओं की परिकल्पना और उसको लागू करने के लिए उचित प्रयासों पर विचार विमर्श किया गया। बेंगलूरु के जीतो साऊथ व नार्थ चैप्टर की नवगठित प्रबंधन समिति के सदस्यों ने बैठक आयोजित की।

बैठकों में जैन समाज के समग्र विकास के लिए साधार्मिक लोगों के आर्थिक सशक्तिकरण, सेवा कार्य और ज्ञानवर्धन को परिलक्षित जीतो के आदर्श को ध्यान मे रखते हुए भावी कार्यक्रमों पर विचार मंथन हुआ। जीतो साऊथ के चेयरमैन रणजीत सोलंकी ने उपस्थित सदस्यों का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि आगामी कार्यक्रमों में गुणवत्ता और उपयोगिता पर गौर किया जाएगा।

जीतो साऊथ के मुख्य सचिव नितिन लूणिया ने कहा कि अगले दो वर्षों का कार्यकाल अत्यंत महत्वपूर्ण है। प्रत्येक कार्यक्रम का आयोजन सामाजिक विकास को समर्पित किया जाएगा । कार्यक्रम के दौरान सदस्यों ने विविध प्रोजक्ट जैसे सामाजिक व आर्थिक विकास के लिए स्थापित जेआईआईएफ़ (जीतो इनक्यूबेशन एंड इन्नोवेशन फांडेशन), वैवाहिक संबंधों के लिए बने मेट्रिमोनी समूह, व्यावसायिक नेटवर्क को बढावा देने के उद्देश्य से बने जेबीएन, पेशेवरों के लिए निर्मित जीतो प्रोफ़ेशनल फोरम, प्रशासनिक सेवा के इच्छुक प्रत्याशियों के लिए स्थापित जेएटीएफ़, स्पोर्ट्स, श्रमणम आरोग्यम, जेईपी, जेआईटीईएम और इंटरनेशनल चैप्टर एसेसिएशन के प्रोजेक्ट संबंधित प्रेजेन्टेशन प्रस्तुत किए गए। इस विचार मंथन सत्र के दौरान प्रमुख रूप से बिजनेस सेमिनार, बीटूबी, बीटूसी मीटिंग बाबत चर्चा, ट्रेनिंग प्रोग्राम, निवेश अवसर और कैरियर कॉंउसलिंग पर बातचीत हुई

कार्यक्रम के दौरान नई तकनीक से बने खेल अकादमी की स्थापना का प्रस्ताव रखा गया। इस प्रस्तावित खेल अकादमी का मकसद प्रतिभाशाली खिलाडियों के हुनर को तराशना होगा। अन्य प्रस्तावों में टेस्ट लेब, फार्मसी स्टोर, ट्रेड एक्स्पो और सदस्यों की पता निर्देशिका आदि शामिल रहे।सत्र में सभी 27 सदस्यों ने सक्रियतापूर्वक भाग लिया और आगामी वर्ष के लिए विविध कार्यक्रमों की रूप रेखा प्रस्तुत की। इस कार्यक्रम में जीतो केकेजी जोन के चेयरमैन प्रवीण बाफना तथा मुख्य सचिव दिलीप जैन भी उपस्थित रहे ।

प्रवीण बाफना ने कहा कि जीतो बेंगलूरु भारत का सबसे बडा चैप्टर है और इसने नवाचार कार्य्रकम व पहल आयोजित करने में मिसाल कायम की है। दिलीप जैन ने जीतो एपेक्स तथा जोन के बारे में विस्तार से जानकारी दी।



# जीतो जेबीएन वी कनेक्ट रेफरल मीट में नए पदाधिकारियों ने ली शपथ

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। जीतो चैप्टर नार्थ के अंतर्गत जीतो लेडीज विंग द्वारा जेबीएन वी कनेक्ट रेफ़रल मीट का आयोजन जीतो कार्यालय में हुआ। नवमनोनीत पदाधिकारी एवं कार्यसमिति सदस्याओं को अध्यक्ष बिन्दु रायसोनी ने शपथ दिलवाई तथा कहा कि जीतो बिज़नेस नेटवर्क का सशक्त मंच मिला है हर महिला की भागीदारी इसमें हो। अपने व्यवसाय की बढ़ोतरी के लिए सदा सकारात्मक सोच के साथ उत्साह बनाए रखते हुए आगे बढ़ने का लक्ष्य रखे। नवमनोनीत लेडीज विंग अध्यक्ष लक्ष्मी बाफ़ना ने सभी को प्रोत्साहित करते हुए जेबीएन के मुख्य उद्देश्यों को साझा किया।

प्रशिक्षक एवं पूर्व जेबीएन अध्यक्ष सुष्मिता सेठिया ने जेबीएन सदस्याओं को बिज़नेस कौशल के गुर बताए तथा एक दूसरे से नेटवर्किंग पर ज़ोर देते हुए अधिक से अधिक औरों के बिज़नेस को समझने की सलाह दी। ऑफिस दर्शन हेतु सभी को उत्साहित किया। पूर्व अध्यक्ष सुमन रांका, पूर्व उपाध्यक्ष भाविका कोठारी, पिंकी मेहता ने विचार व्यक्त किए। बिन्दु मेहता ने समयबद्धता, सुखदेवी ने व्यवस्थित प्रस्तुति एवं ज़िया जैन ने अधिक सदस्याओं को जेबीएन में जोड़ने हेतु पुरस्कार प्राप्त किया। प्रारंभ में वी कनेक्ट पूर्व अध्यक्ष सुमन रांका ने ऑडियो-वीडियो के माध्यम से नवमनोनीत टीम का स्वागत किया। नई टीम में सीमा शाह को वी कनेक्ट अध्यक्ष, मीना जैन को उपाध्यक्ष एवं लीला पितलिया को महामंत्री बनाया गया। मीना बड़ेरा आदि सदस्याएं उपस्थित थीं।



# शारदीय नवरात्रि अनुष्ठान महापूर्णाहुति कन्या पूजन के साथ संपन्न

बेंगलूरु/दक्षिण भारत । शहर के गायत्री चेतना केन्द्र में रविवार को श्रीराम शर्मा आचार्यजी एवं भगवतीदेवी शर्मा के संरक्षण में नवरात्रि अनुष्ठान की महापूर्णाहुति कन्या पूजन के साथ संपन्न हुई। यज्ञीय कार्यक्रम का संचालन रीता रजक, गायत्री गोयल, प्रभा शर्मा, मधु गुप्ता और गीतिका गुप्ता ने वैदिक मंत्रों के साथ किया। गुरु की महिमा पर प्रकाश डालते हुए रीता रजक ने बताया कि जब किसी शिष्य को गुरु का सान्निध्य मिलता है तो वह अमरबेल की तरह गुरु से लिपटकर उस उच्च शिखर पर पहुंच जाता है जिस उद्देश्य के लिए वह गुरु के सान्निध्य में आता है और उस परम तत्व परमात्मा से साक्षात्कार करने की पात्रता को विकसित करता है। मां नवदुर्गा के पांच स्वरूपों का विवेचन प्रभा शर्मा ने किया। दशहरे के विषय पर मधु गुप्ता द्वारा किया गया। संस्कारों की परंपरा के अंतर्गत गायत्री चेतना केंद्र में यज्ञीय वातावरण में दीक्षा संस्कार, जन्म दिवस, अन्नप्राशन, विद्यारंभ, पुंसवन और मुंडन संस्कार संपन्न हुए।

कमलेश खरे ने सभी संस्कारों के महत्व पर प्रकाश डाला। इस मौके पर छोटी-छोटी कन्याओं को तिलक लगाकर उपहार दिए गए और सभी कन्याओं ने सभी परिजनों को आशीर्वाद दिया। केंद्र के वरिष्ठ परिजन कर्नाटक राज्य के समन्वयक शेखर चतुर्वेदी, प्रमुख संग्राम सिंह एवं मार्गदर्शक अमिताभ सराफ की उपस्थित रही। इस मौके पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

Printed& Published by Devendra Sharma on behalf of owners M/s. New Media Company, 6/4 , Ist floor, Cantonment station road, Bengaluru-51 and printed at Dinasudar Printing Division, 116, Queens Road, Bengaluru-560052. **Editor-Shreekant Parashar**,
(*Responsible for selection of news under PRB Act.) Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any such manner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.
HEAD OFFICE : DAKSHIN BHARAT RASHTRAMAT, New Media Company, 6/4, Cantonment Station Road, Bangalore 560051. Editorial : 080-25363030 / 9945488003. For Advertisement : 9945488002 - email : news@dakshinbharat.com